रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 20 अप्रैल 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-237 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज़

### अमन सिंह के खिलाफ मामला बंद



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की एक अदालत ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला बंद कर दिया है। रायपुर की अदालत ने ईओडब्ल्यू-एसीबी की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसके मुताबिक अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला नहीं बनता है।

### जेल में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन : आप



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में उनको इंसुलिन नहीं दी जा रही है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भरतीय जनता पार्टी की कार्य पद्धति और और उनके नेता जिस तरह से काम करते हैं, वह किसी की जान लेने की हद तक षड़यंत्र रच सकते हैं। केजरीवाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखकर कह सकता हूं कि उनके खिलाफ गहरी साजिश रची गई है और जेल में उनके साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है।

### बारातियों से भरी बस में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत ,35 घायल

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के मोंठ थानाक्षेत्र में बारातियों से भरी एक बस में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक की मौत हो गयी है और करीब 35 अन्य घायल हैं। घायलों में दूल्हा-दुल्हन भी शामिल हैं। मोंठ क्षेत्राधिकारी हरिमोहन सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि झांसी-कानपुर हाइवे पर मोंठ थानाक्षेत्र में एक बस में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में 35 लोग घायल हो गये हैं और एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी है।

# पहले चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

## बस्तर लोकसभा सीट पर 63.41 प्रतिशत हुई वोटिंग

पायनियर संवाददाता ⮜ नयी दिल्ली/ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों के लिये शुक्रवार को 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। कुल 543 लोक सभा सीटों के लिये सात चरणों में कराये जा रहे चुनाव के पहले चरण के चुनाव में शुक्रवार को 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले गये। इन सीटों पर कुल 16.63 करोड़ मतदाताओं को कुल 1625 प्रत्याशियों के बीच चुनाव करना था। निर्वाचन आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने निकले। आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुड्डुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट बस्तर पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मिजोरम में एक सीट पर 54.18 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में आठ सीटों पर 57.61 प्रतिशत, उत्तराखंड में पांच सीटों पर 53.64 प्रतिशत, अंडमान-निकोबार में एक सीट पर 56.87 प्रतिशत, महाराष्ट्र में पांच सीटों पर 55.29 प्रतिशत, लक्षद्वीप में एक सीट पर 59.02 प्रतिशत, राजस्थान में 12 सीटों पर 50.95 प्रतिशत, तमिलनाडु की 39 सीटों पर 62.19 प्रतिशत वोट डाले गये थे। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राजस्थान और अन्य जगहों पर विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही पुरुष और महिला मतदाताओं की लंबी कतारें लग गयी थीं। पहली बार मताधिकार पाने वाले युवा मतादाताओं में मत देने को लेकर खासा उत्साह नजर आया। निर्वाचन आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार, सभी 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में पहले चरण की मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से और शांतिपूर्वक चल रही है। अरुणाचल प्रदेश की 60 और सिक्किम की सभी 32 विधान सभा सीटों पर भी आज मतदान कराया गया। चुनाव आयोग ने मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरह से संपन्न कराने के लिये पर्यवेक्षकों की तैनाती के अलावा सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त अपने दो सहयोगी चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखवीर सिंह संधू के साथ आयोग के मुख्यालय से पूरी प्रक्रिया पर निगाह रखे हुये हैं।

# महानदी में नाव डूबी, कई लापता

## खरसिया और कोतरलिया के सात लोग शामिल



पायनियर संवाददाता ⮜ रायगढ़
www.dailypioneer.com

**2 का शव मिला, 8 लापता**

महानदी में नाव डूब जाने से कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में रायगढ़ के लोग भी शामिल हैं। जानकारी अनुसार उड़ीसा के झारसुगड़ा जिले में महानदी के तट पर पत्थर सेनी मंदिर है। मंदिर में दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था नाव से सेनी मंदिर पहुंचा था। इनमें खरसिया और कोतरलिया गांव के लोग भी शामिल थे। नाव में करीब 50 से 60 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाव जैसे ही बीच नदी में पहुंची, दो हिस्सों में टूटकर डूब गई। इस हादसे में कई लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनमें रायगढ़ जिले के खरसिया और कोतरलिया के सात लोग शामिल हैं। इसके अलावे एक महिला का शव नदी से बरामद किया गया है। घटनास्थल रायगढ़ जिला मुख्यालय से 39 किलोमीटर दूर हैं। घटना की खबर मिलते ही रायगढ़ के कलेक्टर, एसपी मौके पर पहुंचे।

# पहले चरण के मतदान के बीच जवान शहीद

पायनियर संवाददाता ⮜ बीजापुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच नक्सलियों द्वारा लगाए गए यूबीजीएल सेल की चपेट में आये जवान की उपचार के दौरान मौत हो गई। शहीद जवान का नाम देवेंद्र कुमार 32 वर्षीय था। देवेंद्र कुमार सीआरपीएफ196वीं वाहिनी में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थे। और बस्तर के धोबीगुड़ा के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, उसूर थाना क्षेत्र के सुरक्षा कैंप गलगम से एरिया डोमिनेशन के लिए शुक्रवार सुबह सीआरपीएफ 196वीं वाहिनी के जवान निकले थे। इस दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये यूबीजीएल सेल की चपेट में आ गये।

### शहीद जवान को 30 लाख और घायल जवान को 15 लाख रुपए की दी जा रही अनुग्रह राशि



**रायपुर।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य में नियोजित सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक देवेन्द्र कुमार के परिजनों को छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार 30 लाख रुपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। वहीं निर्वाचन ड्यूटी के दौरान घायल सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी को 15 लाख रूपए की अनुग्रह राशि की स्वीकृति दी जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य हेतु नियोजित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा बलों के जवानों के निर्वाचन कर्तव्य के दौरान मृत्यु अथवा घायल होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकर नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

# बस्तर में प्रचंड मतों से जीत रही भाजपा : ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के पूर्ण हुए मतदान के बाद भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि बस्तर लोकसभा की जनता-जनार्दन ने बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। बस्तर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रचंड मतों से विजयी होगी। नक्सलवाद के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा करना जरूरी मानकर बस्तर की जनता ने अब छत्तीसगढ़ को कांग्रेसमुक्त राज्य बनाने की शुरुआत प्रथम चरण के मतदान के साथ बस्तर से कर दी है। मंत्री चौधरी ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि बस्तर में भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि बस्तर विकास के साथ कदमताल करने का ख्वाहिशमंद है। बस्तर की जनता अब नक्सली हिंसा से पूरी तरह मुक्ति चाहती है। पिछले मंगलवार को काँकेर जिले में हुए ऑपरेशन में नक्सलियों मार गिराए जाने के बाद बस्तर समेत समूचे प्रदेश में भाजपा सरकार के प्रति जन-विश्वास और दृढ़तर हुआ है।

# जिस तरह 75 पार में हम लोग फंसे थे वैसे ही 400 पार में फंस गई भाजपा : लखमा

पायनियर संवाददाता ⮜ सुकमा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने कहा जिस तरह रमन सिंह ने 65 पार का नारा लगाया था जिसके बाद सरकार चली गई। और वैसे ही हम लोग 75 पार में फंस गए और निपट गए। अब भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, लेकिन 150 पार नहीं कर पाएंगे भाजपाई। जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर स्थित नागारास में कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा ने सहपरिवार मतदान किया, उससे पहले कवासी लखमा ने पूजा-पाठ कर मतदान करने पहुंचे। कवासी लखमा ने प्रेसवार्ता में कहा कि इस बार जनता मुझे मौका देगी, क्योंकि कांग्रेस हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलती है। जिस तरह 75 पार में हम लोग फंसे थे, वैसे ही 400 पार में भाजपा फंस गई, वोटिंग के बाद बोले कवासी लखमा, हमारा मुद्दा बस्तर की जनता के समस्याओं को दिल्ली तक पहुंचाना है। यहां नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण को रोकना है। पोलावरम बांध से प्रभावित लोगों की समस्याओं को दूर करना है। बस्तर को रेल व हवाई मार्ग से कैसे जोड़ा जाए इसपर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षण करना है। आदिवासियों के विकास को लेकर काम करेंगे।

# शिव डहरिया ने केवल जमीन लूटने का किया काम : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ⮜ जांजगीर
www.dailypioneer.com



जब मैं भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष था, मुझे अच्छे से पता है तब तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री और वर्तमान में जांजगीर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ने खूब भ्रष्टाचार किया। उन्होंने नगरीय निकाय की 152 प्रतिशत जमीनों को बेचने का काम किया। वो भी बड़े भ्रष्टाचारी हैं। तब हमने इसका खूब विरोध भी किया था। जांजगीर में आयोजित विशाल नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस और शिव डहरिया पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि शिव डहरिया ने आरंग में दो-तीन सौ गरीबों का पट्टा खारिज किया और खुद गरीब बनकर सरकारी जमीन का पट्टा लेकर उसमें गड़बड़ी की। उसने केवल जमीन लूटने का काम किया। उसकी धर्मपत्नी ने भी सरकारी घर में कब्ज़ा कर उसे अपना ऑफिस बनाया। ऐसे लोगों को जिताकर जांजगीर के लोगों का कोई भला नहीं होने वाला है। अगर भूल से वो जीते तो जांजगीर की जमीनों पर भी कब्ज़ा कर लेंगे। इनसे सतर्क रहना है, इनको फिर से सबक सिखाना है। साय ने कहा कि ऐसा कोई घर नहीं होगा जहाँ लोगों को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिला होगा। मोदी सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, मजदूर, किसान सभी वर्गों को मिला है। साथ में 15 वर्षों की रमन सरकार की योजनाओं, 3 महीने में हमारी सरकार द्वारा किये गए जनहित के कार्यों का लाभ सबको मिला है। इसलिए आप सभी गांव-गांव जाएं, भाजपा की प्रचंड जीत को सुनिश्चित करें। ये आशीर्वाद आप सभी से मांगने आया हूँ।

## अमेरिका में जहां यूरिया प्रति बोरी तीन हज़ार रुपये में मिलती है वहीं हम भारत में किसानों को 300 रुपये में उपलब्ध करा रहे हैं

# वोट बैंक की खातिर आस्था को खारिज कर रहे हैं इंडी गठबंधन वालेः मोदी

वार्ता ⮜ अमरोहा
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हज़ारों वर्षों से चली आ रही आस्था और भक्ति को इंडी गठबंधन वाले सिर्फ वोट बैंक के लिए ख़ारिज कर रहे हैं। दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे मैदान पर चुनावी रैली को संबोधित करते हुये मोदी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा सरकारों में यहां के किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जाती थी लेकिन भाजपा सरकार किसानों पर पूरा ध्यान दे रही है। अमेरिका में जहां यूरिया प्रति बोरी तीन हज़ार रुपये में मिलती है वहीं हम भारत में किसानों को 300 रुपये में उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होने कहा हमें देश और उत्तर प्रदेश को बहुत आगे लेकर जाना है लेकिन इंडी गठबंधन की सारी शक्ति गांव, देहात को पीछे ले जाने में लगती है।इसी सोच के चलते अमरोहा और पश्चिम उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को सबसे बड़ा खामियाज़ा भुगतान पड़ा है। मोदी ने कहा इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। मैने श्रीकृष्ण की वास्तविक द्वारिका जो कि समुद्र में स्थित है, वहां पूजा की लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र में पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हज़ारों वर्षों से चली आ रही आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोटबैंक के लिए ख़ारिज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा उत्तर प्रदेश में एक बार फिर दो शहजादों (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है। हालांकि इनका पहले भी रिजेक्शन हो चुका है।हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार, और तुष्टिकरण की टोकरी सिर पर उठाकर उत्तर प्रदेश की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। ये भारत की आस्था पर हमला करने का यह कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। दोनों पार्टियां (सपा- कांग्रेस) रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज़ जब पूरा देश राममय है,तब अपने आप को यदुवंशी कहने वाले समाजवादी पार्टी के लोग रामभक्ति करने वालों को सार्वजनिक रूप से पाखंडी कहते हैं। उन्होने कहा कि उनकी सरकार में गांव-गांव कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। गठबंधन की पिछली सरकारों की वज़ह से खेत खलिहानों की धरती पश्चिम उत्तर प्रदेश के दिल्ली - एनसीआर के नज़दीक होने के बावजूद समुचित विकास नहीं हो पाया है। मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत राम राम जी कहकर की और कहा कि आज़ पहले चरण का मतदान हो रहा है।ये लोकतंत्र के उत्सव का बहुत बड़ा दिन है। इसलिए मेरा सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि संविधान से मिले इस अधिकार का उपयोग जरुर करें। ख़ासतौर से ऐसे युवा जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं क्योंकि 2024 का लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है।इस चुनाव में आप का एक एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करने वाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में गन्ने का रिकॉर्ड भुगतान हो रहा है लेकिन जब यहां समाजवादी पार्टी की सरकार थी तो अमरोहा के गन्ना किसानों को साल में औसतन 500 करोड़ रुपये का भुगतान होता था जबकि योगी सरकार में यहां हर साल क़रीब 1.5 हज़ार करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना किसानों को हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सभी को पक्का घर मिलेगा यही तो मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान वहां दो चार घर ऐसे भी मिल जाएंगे जिन्हें अभी घर और नल से जल योजना का लाभ नहीं मिला है।या गैस कनेक्शन नहीं मिल सका है।

# बोर्ड किसी राजनीतिक दल का समर्थन या विरोध नहीं करता : मौलाना मुजद्दिदी

**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बोर्ड कभी भी किसी राजनीतिक दल का विरोध या समर्थन नहीं करता है। बोर्ड महासचिव मौलाना मुहम्मद फज़्ल-उर-रहीम मुजद्दिदी ने यह स्पष्टीकरण जारी एक बयान में दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सैयद अली मुहम्मद नकवी द्वारा भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने की बात सामने आयी है, यह उनकी निजी राय हो सकती है, लेकिन इसका ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने विधान परिषद सदस्य डॉ खालिद अनवर के बोर्ड के पदाधिकारियों के बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने संबंधी बयान को भी पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि डॉ अनवर ने गलत बयानी की है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की स्थापना के बाद से ही ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने संविधान की रोशनी में खुद को संसदीय राजनीति से दूर रखा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड कभी भी किसी पार्टी विशेष का समर्थन या विरोध नहीं करता। बोर्ड के उपाध्यक्ष का भाजपा के समर्थन में बयान देना, उनकी निजी राय हो सकती है, लेकिन इसे बोर्ड का बयान नहीं समझा जाना चाहिये। इसी तरह डॉ अनवर भी जिस तरह की बातें कह रहे हैं, वे बेबुनियाद और गलत हैं, इसलिये लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिये।

# लोकसभा चुनाव के लिये गांधीनगर सीट से अमित शाह ने भरा नामांकन

वार्ता ⮜ गांधीनगर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में शुक्रवार को गांधीनगर सीट से अपना नामांकन पत्र भरा। शाह ने विजय मुहूर्त में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके लिये बड़ा गौरव का विषय है कि जिस सीट का प्रतिनिधित्व श्रद्धेय लालकृष्ण आडवाणी, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, जिस सीट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मतदाता हैं। उस सीट को प्रतिनिधित्व करने का मौका भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस सीट पर से 30 साल से विधायक, सांसद रहे हैं। यहीं से बहुत छोटे से बूथ के कार्यकर्ता से संसद तक पहुंचा हैं। इस क्षेत्र की जनता ने उन्हें अपार प्रेम दिया है और श्री मोदी के नेतृत्व में पहले मुख्यमंत्री के नाते और बाद में प्रधानमंत्री के नाते इस क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने ढेर सारे काम किये हैं। इस पांच साल के अंदर 22 हजार करोड़ से ज्यादा के विकास के कार्य गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में हुये। शाह ने इससे पहले गुरुवार को अहमदाबाद जिले के साणंद में एपएमसी सर्कल से नणसरोवर चौक तक, गांधीनगर जिले के कलोल में जेपी गेट से टावर चौक तक, अपराह्न अहमदाबाद में सरदार पटेल चौक (राणीप) से के के नगर (घाटलोडिया) से वाणीनाथ चौक (नाराणपुरा) से जीवराज पार्क चार रास्ता (वेजलपुर) तक भव्य रोड़ शो किया। रोड़ शो के बाद उन्होंने वेजलपुर में जनसभा को भी संबोधित किया।

# 13 पिलर वाला 10 करोड़ की उच्च स्तरीय पुल अपूर्ण ईई एसडीओ ठेकेदार के भरोसे

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





देवभोग ब्लॉक के सेंदमुड़ा खोकसरा परेवपाली मोटरापारा जैसे 8 गांव की हजारों लोगों के आवागमन में सहूलियत के लिए तात्कालिक मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा 8 करोड़ की लागत से सेदमुडा घाट 13 पिलर 12 स्लैप वाली उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति बीते 2017 में दिया और देश कार्य की गहराई जैसे अन्य तकनीकी कारण के चलते डिजाइन को बदलकर यह राशि को 10 करोड़ करती 2020 में नई कंपनी को दे दिया तब से लेकर आज 6 साल से अधिक समय होने को है यह पुल अपूर्ण हालत में नजर आ रहा है जिसका प्रमुख कारण विभागीय ईई एसडीओ इंजिनियर का ठेकेदार के समक्ष नतमस्तक होने को माना जाता है तभी ठेकेदार द्वारा अपनी सहूलियत अनुसार उच्च स्तरीय पुल की प्रगति दे रहे हैं जबकि इस उच्च स्तरीय पूल का निर्माण नहीं होने से सैकड़ो लोग 10 से 12 किलोमीटर अतिरिक्त सफर कर कुमड़ाई मार्ग को तय करते मुख्यालय आने को मजबूर होते है जिसमे स्कूली बच्चों से लेकर कॉलेज छात्र दैनिक कर्मचारी साग भाजी का धंधा करने वाले के साथ अन्य शामिल है जिन्हें लगातार महीना दर महीना उच्च स्तरीय पूल का पूर्ण होने का आश्वासन दिया जाता है ताकि पहले की तरह इस बार भी चुनाव बहिष्कार ना करें इस बीच धीमी पूल निर्माण को देख इस बार भी हजार लोगों को बरसात में परेशानी उठानी पड़ेगी खासकर प्रसव महिलाओं को क्योंकि ऐसी अधिकतर गर्भवती महिला उड़ीसा के इलाज पर निर्भर होती है ऐसे में कुमड़ाई का मार्ग अख्तियार कर उड़ीसा पहुंचाना किसी चैलेंज से काम नहीं होता और इस तरह के सारे परेशानी से विभागीय ठेकेदार कर्मचारी अधिकारी सभी अवगत है मगर अफसोस की बात है कि आज भी उच्च स्तरीय पूल निर्माण में कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रहा है मतलब अभी पूरा सलाम नहीं होने के साथ अंतिम पिलर भी खड़ा नहीं हो पाया है जिसे लेकर विभागीय प्रमुख भी गंभीर नहीं है तभी ठेकेदार चल कर्मचारी और जरूरत के हिसाब से मशीन का इस्तेमाल कर आराम से पुल निर्माण को अंजाम दिया जा रहा है इस बीच ग्रामीणों के अनुसार जिन अधिकारियों के कंधों पर मापदंड अनुसार गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में इस उच्च स्तरीय पूल निर्माण करने की जिम्मेदारी है वह अधिकारी गिने चुने दिन पहुंचकर निरीक्षक को अंजाम देते हैं शायद यही वजह है कि ठेकेदार कर्मचारियों द्वारा भी पूल निर्माण मे काफ़ी सुस्ती बरता जा रहा है ग्रामीणों का मानना है कि अगर अधिकारी इस पुल को लेकर गंभीर होते तो शायद यह पुल अब तक तैयार हो जाता लेकिन ऐसे ज़िम्मेदार साइड से गायब होते हैं तभी ठेकेदार के कर्मचारी कभी काम चालू रखते हैं तो कभी मशीन खराब मजदुर नही आने का बहाना बताकर काम बंद कर देते है तभी यह धीमी गति के काम को राजधानी में बैठे अधिकारियों को संज्ञान में लेने की दरकार बताई जाती हैं क्योंकि अधिकारियों की ओर से कसावट नही होगी तब तक इस उच्च स्तरीय पुल पर प्रगति आना मुश्किल है हालंकि अधिकारी अपनी ओर से पुल को पूरा करने की भरसक प्रयास का दावा करते हैं लेकिन करोड़ों की पुल निर्माण प्रगति देख अधिकारियों की पोल खुल रहा है।

## कांग्रेस प्रत्याशी शिव कुमार डहरिया का गांव-गांव प्रचार प्रसार जारी



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजे काफी समय हो गया है बहुत सारे राज्यों में आज मतदान हो रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ के जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के कसडोल विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी शिव कुमार डहरिया अपने पार्टी के कार्यक्रताओं के साथ गांव गांव जाकर धुआंधार जनसंपर्क करते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रचार दिवस में शुक्रवार 19अप्रैल को लवन के पास कोहरौद, अहिल्दा, मरदा, कोयदा सरखोर में लोगों से मिलकर कांग्रेस को जिताने की अपील करते हुए दिखे।कांग्रेस पार्टी की गारंटी की बाते भी लोगों से किये।इस अवसर पर विधायक संदीप साहू, कांग्रेस नेता वीरेंद्र बहादुर कुर्रे सहित तमाम कांग्रेसी एवं ग्रामीणों की उपस्थित रहा।

## 'कलेक्टर एवं जिला निवाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का लिया जायजा'

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान स्थिति का जायजा लिया और सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने भगत सिंह स्कूल, आड़ावाल स्कूल, अघनपुर स्कूल में स्थापित मतदान केंद्रों सहित प्राथमिक शाला डोंगरीपारा, पूर्व माध्यमिक शाला कंगोली, शांति नगर स्कूल, केवरामुंडा स्कूल, भीमराव अंबेडकर स्कूल में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया की गतिविधियों को गति देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं का संज्ञान लिए और गर्मी को देखते हुए छाया एवं पेयजल सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी भी उपस्थित थे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच बीजापुर में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

■ उत्साह और उमंग के साथ मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का मतदान बस्तर संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को सम्पन्न हुआ संसदीय क्षेत्र बस्तर में शामिल विधानसभा बीजापुर -89 में मतदान को लेकर सुनियोजित ढंग से पूरी तैयारी की गई थी जिसमें सम्पूर्ण मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पादित हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान सम्पन्न हुआ पर्याप्त मात्रा मे चप्पे-चप्पे में सुरक्षा की व्यवस्था केन्द्रीय रिजर्व बल एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की तैनाती की गई थी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक -89 अर्न्तगत 245 मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व दल सहित कुल 348 दलों में 1392 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई थी। वहीं कुल 60 सेक्टर अधिकारी एवं 67 माइक्रो आर्ब्जवर द्वारा मतदान कार्य सम्पन्न कराया गया।

कुल दलों में 76 अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के लिए मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से तीन दिन पूर्व से मतदान केन्द्रों में भेजने की कार्रवाई की गई। महिला, दिव्यांग, युवा एवं आदर्श मतदान केन्द्र रहेगा आकर्षण का केन्द्र- लोकसभा आम निर्वाचन के मतदान हेतु जिले में कुल 10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाया गया है जिसे केवल महिला कर्मियों द्वारा संचालित किया गया जिसमें रालापल्ली 29, गोटाईगुड़ा 32, भैरमगढ-1 41, भैरमगढ़, भैरमगढ़ -2 144, बीजापुर 156, 158, 161, 165, 166 एवं 167 शामिल हैं। इसी तरह दिव्यांग कर्मियों द्वारा बीजापुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 163 को दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा संचालित की गई। जिले के कुल 05 मतदान केन्द्रों को युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा जिसमें भोपालपटनम, भैरमगढ़ के 2-2 एवं बीजापुर तहसील के 1 मतदान केन्द्र शामिल है। इसी तरह 5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है जो आकर्षण का केन्द्र रहा जिसमें गोटाईगुड़ा 32, भैरमगढ़ 141, बीजापुर-1 163, बीजापुर-2 165 एवं बीजापुर -3 में 166 शामिल है।

# किरंदुल थाना क्षेत्र में हुई 61.09 प्रतिशत मतदान



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल शुक्रवार को बस्तर लोकसभा सीट के लिए मतदान सम्पन्न हुई।किरन्दुल थाना क्षेत्रान्तर्गत किरन्दुल, पेरपा, हिरोली, पुरंगेल, आलानार, गुमियापाल, समलवार एवं कलेपाल के 33 मतदान केंद्रों में सुबह 07 बजे से दोपहर 03 बजे तक वोट डाले गए। जिसमें कुल मतदान प्रतिशत 61.09 प्रतिशत रहा।

# एनएमडीसी किरन्दुल मुख्य महाप्रबंधक एवं अधिकरियों ने किया मतदान



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में 19 अप्रैल शुक्रवार बस्तर लोकसभा सीट के लिए मतदान की गई।इस लोकतंत्र के महापर्व में एनएमडीसी किरन्दुल परियोजना मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक, महाप्रबंधक खनन एस के कोचर, उपमहाप्रबंधक बी के माधव ने किरन्दुल स्थित बीआईओपी स्कूल पोलिंग बूथ पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उपमहाप्रबंधक माधव ने बताया प्रजातंत्र के इस महापर्व में परियोजना के समस्त अधिकारियों एवम कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु अपील किया गया था तथा सभी कर्मचारियों ने निर्वाचन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवम मतदान किया।

# तिल्दा के रेत तस्कर डोंगरीडीह में लगे खनिज कर्मचारियों के जाते ही, रात में रेत की अवैध खनन में जुट रहे हैं तस्कर

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा विकास के मामले में भले ही सुर्खियों में नहीं है लेकिन रेत की अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में विगत कुछ समय से लगातार सुर्खियों के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये हैं।जिसके चलते खनिज विभाग के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी के रातों की नींद को यंहा के रेत तस्करों ने उड़ा दिए हैं।इन दिनों नौबत यहां तक आ गई है कि रेत तस्करी को रोकने के लिए जिला गठन के बाद पहली बार खनिज विभाग चौकन्ना होकर तिल्दा डोंगरीडीह मुख्य मार्ग एवं डोंगरीडीह महानदी ब्रिज के पास एक एक कर्मचारी सुबह 8 बजे से शाम6 बजे तक ड्यूटी में लगा रखें हैं ताकि कोई भी रेत तस्कर तिल्दा से एक चम्मच रेत अवैध एवं चोरी छिपे बाहर परिवहन न कर सके।सबसे रोचक जानकारी यह भी है कि रेत तस्करी से जुड़े तस्कर खनिज विभाग के कर्मचारियों के ड्यूटी अवधि तक तो रेत की अवैध खनन एवं परिवहन नहीं कर रहा है लेकिन जैसे ही कर्मचारियों की ड्यूटी 6बजे के बाद समाप्त होती है वैसे ही रेत तस्कर तिल्दा में रात 7 बजे के एकत्रित होकर तस्करी में जुड़ रहे हैं । जिससे खनिज विभाग सहित मीडिया, ग्रामीणों की मेहनत को रेत तस्कर पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं। गांव के कुछ पुराने रेत तस्कर खनिज विभाग के हर मोमेंट पर नजर टिकाए हुए हैं। ऐसे में क्या खनिज विभाग पेनाल्टी शुल्क काटने के अलावा रेत तस्कर से जुड़े लोगों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाएंगे और रेत लोडिंग करने वाले मजदूर भी उतना ही दोषी है जितना रेत के अवैध खनन एवं परिवहन को बढ़ावा दे रहे हैं, निश्चित ही रुपये की लालच में अवैध खनन के कारोबार में संलिप्त मजदूरों पर भी गाज गिरने की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से किये गए हैं।विगत दिनों 12 अप्रेल को रेत के अवैध परिवहन करते हुए तिल्दा से 2 ट्रैक्टर पर कार्रवाई खनिज विभाग ने किये थे। जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे एवं खनिज निरीक्षक भूपेंद्र भक्त ने मीडिया कर्मियों को बताया कि वह ट्रैक्टर तिल्दा निवासी मनोज कैवर्त के नाम पर है।जिसका खनिज अधिनियम के तहत पेनाल्टी काटे गए हैं। आगे भी अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई करते रहने की बात कहा है।आपको बताते चलें कि रेत तस्करी में तिल्दा के कुछ तस्कर साल के 12 महीने लगे हुए हैं और राजस्व नुकसान पहुचाने के अलावा राज्य सरकार द्वारा निर्मित कम भार क्षमता वाली डोंगरीडीह तिल्दा की सड़कों को खराब कर चलने अयोग्य बनाने में लगे हुए हैं। वहीं कुछ रेत तस्कर परिवार सहित दादागिरी पर उतारू होने की खबर भी मीडिया मिलते रहा है।इतना ही नहीं रेत तस्करी में जुड़े लोग घर पहुँचकर शिकायत नहीं करने की धमकी भी अपनी पत्नियों को सामने ढाल बनाकर करने की रिपोर्ट प्राप्त हो रही है।निश्चित ही ऐसे तस्करों पर कानूनी शिकंजा कसने की भी जरूरत है ताकि इनके हौसले पस्त हो जाए।आने वाले दिनों में खनिज विभाग का रेत तस्करों के प्लान पर कैसे गाज गिरेगी ये देखने वाली बात होगी।फिलहाल रेत की तस्करी तिल्दा में रात में जोरों से जारी है।सरपंच सुरेश्वर पैकरा का कहना है कि कोई भी उनकी बातों को नहीं मान रहे हैं, रेत की तस्करी हो रही है।

## कमिश्नर श्याम धावड़े एवं आईजी सुंदरराज पी. ने नारायणपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर मतदान स्थिति का लिया जायजा

# गर्मी के मद्देनजर छाया एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com





कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े और आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी.ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल शुक्रवार को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदान स्थिति का जायजा लिया और शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से मतदान सम्पादित किये जाने के निर्देश मतदान दलों तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। वहीं मतदाताओं से रूबरू होकर उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

कमिश्नर बस्तर श्याम धावड़े और आईजी बस्तर सुंदरराज पी.ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शाला बड़े आमाबाल स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 198 का निरीक्षण कर यहां पर एक साथ महिला एवं पुरूष मतदाताओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए बुजुर्ग एवं महिला मतदाताओं को पहले मतदान करवाने सहित मतदान प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए। वहीं बुजुर्ग मतदाताओं के बैठने की व्यवस्था किये जाने कहा। साथ ही पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर और आईजी ने चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक शाला छापर भानपुरी में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 58 तथा प्राथमिक शाला में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 59 का जायजा लिया और दोनों मतदान केन्द्र में मतदाताओं की काफी ज्यादा संख्या को मद्देनजर रखते हुए मतदान केन्द्र क्रमांक 58 के लिए एक अतिरिक्त रिजर्व मतदान दल की व्यवस्था किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। साथ ही बुजुर्ग एवं महिला मतदाताओं को पहले मतदान करवाने के निर्देश दिए। वहीं गर्मी को देखते हुए मतदाताओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिए।

## मतदाता जागरूकता के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन के तहत स्वीप योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता मतदान का अधिकार विषय पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी एस आर पाटकर द्वारा किया गया प्रतियोगिता दो चरणों में हुआ था प्रथम चरण पूर्व माध्यमिक विद्यार्थियों के लिए दूसरा चरण माध्यमिक विद्यालय बच्चों के लिए जिसमें पूर्व माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान पर रेशमी साहू पूर्व माध्यमिक खंडवा चंद्रानी गैडरे पूर्व मा.कन्या सिमगा तृतीय स्थान पर हेमलता निषाद आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंगा माध्यमिक विद्यालय प्रथम स्थान पर हर्ष देवांगन शासकीय उमा भी तुलसी द्वितीय स्थान पर लिव्यांश देवांगन सेजेस सिमगा तृतीय स्थान पर वीणा वर्मा शासकीय उमावि केसदा ने प्राप्त किया कार्यक्रम में समन्वयक सत्यव्रत मिश्रा एवं राजकुमार धृतलहरे संतोष जोशी मोहन जांगड़े रेशम लाल वाडकर लोकेश ध्रुव आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

# राष्ट्रहित में मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने पूर्व सांसद चंदूलाल ने सामाजिक संगठन, भाजपा कार्यकर्ताओं की ली बैठक

**प्रदेश की सभी सीटो पर भाजपा की जीत तय प्रतिनिधि से खास बातचीत**

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



आगामी 26 अप्रेल को दूसरे चरण के मतदान में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लाखो मतदाता लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर नयी सरकार तय करने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के पक्ष में एवं राष्ट्रहित में तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनाने को लेकर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से दो बार के सांसद रहे चंदूलाल साहू अपने एक दिवसीय प्रवास पर जिले पहुंचे एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो का सघन जनसम्पर्क कर वहां के सामाजिक संगठन एवं पार्टी कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतो से जीत दिलाने हेतु एवं राष्ट्रहित में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने ज्यादा से ज्यादा मत देकर पार्टी को जीत दिलाने का गुरूमंत्र दिया गया। उल्लेखनीय रहे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रहित में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए ग्राम पोटियाडीह, परसतराई, खरतुली, नगर पंचायत आमदी, रांवा, बागतराई , गुजरा , डोमा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारीयो और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर बैठक लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ,जनपद सदस्य अवनेन्द्र साहू, जनपद सदस्य गोपाल साहू, वीरेन्द्र साहू, किरण कुमार साहू , देव नारायण गजेंद्र, ललित चौधरी, प्रताप मरकाम, संत कुमारी, विजय लक्ष्मी गंजीर, तरुण साहू,हीरा सिंह,रोहित साहू ,यादवेंद्र साहु,चंदू लाल,हेमंत माला,तेजराम 'साहू, शिव प्रसाद, लखन लाल ज्ञानेश्वर ,सुनीता साहू,ज्योति साहू नीलकंठ साहू,जागेश्वर साहु,प्रेम शंकर ,चंद्रहास तरुण साहू ,प्रेम साहू,मानिक साहू केशव साहू ,दया राम सिन्हा ,गुहरी राम खमन साहू ,देहुती साहू ,गुणेश्वर साहू, पूना राम ,नरेंद्र साहू ,भगवती साहू, बलराम साहू, पंचू राम साहू, महेश साहू बिसौहा राम, गौकरण साहू, बाला राम साहू, धरम साहू, टिकेश्वर साहू, नंद कुमार साहू , राकेश साहू , मोती लाल नागरची, तुला राम, मोहित साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। धमतरी प्रवास के दौरान साहू ने पॉयनियर ब्यूरो प्रमुख संजय जैन से एक खास चर्चा में बताया कि पूरे देश में मोदी के पक्ष में जबर्दस्त माहौल है। मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा विश्वास है। अब की बार 400 पार का जो नारा मोदी जी ने दिया है उस नारे से भी ज्यादा सफलता इस बार देश के मतदाता भारतीय जनता पार्टी को मतदान कर अपना आर्शीवाद देंगे। उन्होने यह भी कहा कि छत्तीसगढ की विष्णुदेव साय सरकार ने भी भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये घोषणाओं में से अधिकांश घोषणा भी पूरी कर चुकी है। मतदाता इस बात को अच्छे से जान चुकी है कि कांग्रेस ने हमेशा वादा खिलाफी की है जबकि भाजपा ने जो वादा करती है उसे हर हाल में पूरा करती है। मोदी के नेतृत्व में भारत कि साख पूरी दुनिया में बढी है। भारत विकसीत राष्ट्र की ओर लगातार आगे बढ रहा है आने वाले समय में देश दुनिया की सबसे तीसरी आर्थिक तेज विकास करने वाला देश होगा। साहू ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ की जनता ने सोच लिया है कि इस बार प्रदेश की पूरी 11-11 की सीटे भाजपा प्रत्याशी को ऐतिहासिक मतो से विजयी बनाना है और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है।

# पत्रकारों के साथ बदसुलूकी व मारपीट का छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन ने किया निंदा

पायनियर संवाददाता तिल्दा/नेवरा
www.dailypioneer.com



पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार व मारपीट के खिलाफ में छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नाम पर थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ी निंदा किया है। वहीं दोषी ब्यक्तियो पर सक्त कार्यवाही की मांग किया है। गौरतलब हो कि बिते दिन छत्तीसगढ़ के राजधानी रायपुर के अशोका बिरयानी सेंटर कैम्मस में दो मजदुरो के मौत हो जाने की खबर का रिपोर्टिंग करने पहुंचे पत्रकारों के साथ हांटल मैनेजमेंट व स्टांप के द्वारा बदसुलूकी व मारपीट किया गया, जिसकी निंदा करते हुए छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के शाखा तिल्दा-नेवरा ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष रायपुर शैलेश सिंह राजपूत राजपूत के दिशा निर्देश में थाना तिल्दा-नेवरा में ब्लांक अध्यक्ष अविनाश वाधवा के नेतृत्व मे थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए दोषी ब्यक्तियो पर शक्त कार्यवाही की मांग किया है, इनको लेकर छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत के अलावा जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम ब्लांक अध्यक्ष अविनाश वाधवा, विधानसभा सचिल पवन, बघेल ब्लांक उपाध्यक्ष प्रकाश जोशी, अमजद खान ने ज्ञापन सौंपा है वही जिला सचिव चंद्रशेखर यदु, विधानसभा धरसीवां कोषाध्यक्ष प्रेम कोशले, ब्लांक महासचिव सौरभ यदु, ब्लांक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, शिवा निर्मल कर, ललीत अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने पत्रकारों के साथ किये गये मारपीट का घोर निन्दा किया है। इस दौरान छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत ने कहा कि मिडिया जगत के पत्रकार को स्वतंत्र पत्रकारिता करने मे काफी अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। पत्रकार सुरक्षा कानून अधर में लटका हुआ है। एक पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज व शासन के मध्य सेतू का काम करती है । लेकिन अफसोस है कि वह खुद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ।

## श्रीराम नवमी शोभायात्रा के दौरान धारदार चाकू लेकर लोगो को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चाकू बाजों एवं ऑनलाईन बटंची चाकू एवं धारदार हथियार मंगवाने वाले पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी तारतम्य में कल रात्रि श्रीराम नवमी शोभायात्रा के दौरान आरोपी द्वारा मकई चौक में धारदार काले रंग की बटंची चाकू दिखाकर आसपास के एवं आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा था। जिसको तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी करन वर्मा पिता नारांतक वर्मा के विरुद्ध कोतवाली द्वारा अप.क्र.163/24 धारा 25,27आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सायबर टीम प्रभारी को ऑनलाईन बटंची चाकू धारदार हथियार मंगवाने वालों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त कार्यवाही में सायबर सायबर प्रभारी निरी सन्नी दुबे,कोतवाली से उनि लक्ष्मी कांत शुक्ला,सायबर से प्रआर देवेन्द्र राजपूत, आर युवराज ठाकुर एवं टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विहिप, बजरंग दल ने कार्यकर्ताओं की कार्यशाला लेकर संगठन विस्तार हेतु किया आग्रह

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल जिला धमतरी ने ग्राम सिलतरा, भखारा, एवम कचना में कार्यकर्ताओं की कार्यशाला ली एवं संगठन के विस्तार हेतु कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। कार्यक्रम के संचालक प्रांतीय कार्यकारणी के मोहन साहू द्वारा समस्त कार्यकर्ताओ को हनुमान चालीसा का वितरण किया गया और चालीसा के पाठ से होने वाले लाभ के विषय में बताया गया। विहिप के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने युवाओं से अंतरराष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की और उससे हमारे देश पर क्या प्रभाव पडता है यह बताया उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश अन्न जल धन, खनिज संपदा, सभी दृष्टिकोण से सम्पन्न है और जनसंख्या भी अच्छी स्थिति में है। उन्होंने दुनिया के देशो जैसे इसराइल के बारे में बताया कि दुनिया का एकमात्र यहूदी देश जहां की जनसंख्या 1 करोड भी नहीं है और संसाधन के नाम पर उन्हे रहने खाने के लिए बंजर जमीन, मरू भूमि और समुंदर का पानी मिला यह पर आज यह देश विकसित देश के रूप में अपनी सम्प्रभुता का परिचय देता है, टेक्नोलॉजी, आर्मस,कृषि, विज्ञान के क्षेत्र में बहुत तरक्की किया। दीपक ठाकुर ने युवाओं से आह्वान किया कि हमारा प्रदेश दोनो दृष्टिकोण से सम्पन्न है, हम भी कम से कम अपने गांव को समृद्ध बनाने के लिए उन्नत किस्म की कृषि, फसल चक्रण, पशुपालन, मछली पालन एवम स्वरोजगार की दिशा में आगे बढने हेतु प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल ने युवाओं को अपने उद्बोधन में शिक्षा का महत्व बताया उन्होंने कहा कि पढाई सिर्फ नौकरी पाने का साधन नहीं है बल्कि समूचे व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक है, ये देश के युवाओं को अच्छा नागरिक बनने में मदद करता है। इसी विषय को आगे बढाते हुए जिलामंत्री रसमचन्द्र ने संगठन में दायित्वों का बोध करवाया और युवाओं को राष्ट्रहित में मतदान हेतु कार्य करने का आग्रह किया। कुरद प्रखंड से दीपक सोनी, पुरुषोत्तम एवं बजरंग दल जिला सहसंयोजक डाकेश्वर द्वारा ग्रामीण स्तर पर नशा मुक्ति पर, ऑनलाइन बाजार का बहिष्कार करने, गौ माता की उपयोगिता के विषय में बताया गया ।

## शासकीय रोपणियों में आम की नीलामी हेतु तिथि निर्धारित

**धमतरी।** उद्यान विभाग के तहत स्थापित जिले की शासकीय रोपणियों में रोपित आम बगीचे का फलबहार नीलामी की जाएगी। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि धमतरी के शासकीय उद्यान रोपणी बेन्द्रानवागांव में 29 अप्रैल और कुरूद के शासकीय उद्यान रोपणी भाठागांव में 30 अप्रैल को आम की नीलामी की जाएगी। सभी रोपणियों में नीलामी दोपहर ढाई बजे से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि बोली लगाने के पूर्व नीलामी में भाग लेने के लिए प्रावधानित राशि तीन हजार रूपये जमा करना होगा।

# विकास के भविष्य पर दांव लगाएं, सहीं उम्मीदवार को हमेशा चुनाव जिताएं का संदेश देते निकाली गई रैली

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गाधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में अनेक स्वीप गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं। इसी कड़ी में आज जननी सेवा संस्थान अर्जुनी, छ.ग. योग आयोग एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा केन्द्र द्वारा विकास के भविष्य पर दांव लगाएं सही उम्मीदवार को हमेशा चुनाव जिताएं का संदेश देते हुए रैली निकाली गई। दिव्यांगजन, वृद्धजन सहित जनसामान्य द्वारा निकाली गई इस रैली को कम्पोजिट भवन के पास से स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीवास्तव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कम्पोजिट भवन, जनपद पंचायत होते हुए फिर कम्पोजिट भवन पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अखिलेश्वर तिवारी द्वारा उपस्थितों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। शपथ में कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रैली में शासकीय श्रवण बाधितार्थ विद्यालय की अधीक्षक उमा देवांगन, सार्थक संस्था के डॉ.सरिता दोशी, मोहन खण्डेलवाल, योग संस्था के डॉ.दिनेश नाग, फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर, जननी सेवा समिति, रूद्रा शिक्षण सेवा समिति, कुश्ती संघ के लक्ष्मण साहू, एक्जेक्ट फाउंडेशन, दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण के बसंत कुमार बिश्नोई, रोहित साहू, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों सहित जिला दिव्यांगजन केन्द्र कर्मचारी शामिल हुए।




## चैत्र नवरात्र के नवमीं तिथि पर कन्याओं को श्रृंगार सामग्री देकर लिया आशीर्वाद

**सरायपाली।** रामनवमी के उपलक्ष्य में नवरात्र के नवमी को मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली के महिलाओं द्वारा घंटेश्वर मंदिर अर्जुंदा में पहूंच कर नौ कन्याओं को टिफिन, पानी बोतल, पेंसिल,पेन,फल और सुहाग पिटारी देकर नवमी में मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शाखा के सदस्य प्रियंका, सीमा, खुशबू, दीपिका, सपना आदि उपस्थित थे।

# आबकारी अमला ने जब्त किया 40 लीटर महुआ शराब



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमला द्वारा नगरी के ग्राम फुटहामुडा जंगल में कार्यवाही करते हुए 40 लीटर महुआ शराब जप्त एवं लगभग 1000 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे,आबकारी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी, राजेश यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

# नारी न्याय गारंटी से महिलाओं में उत्साह: चातुरी नंद



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

नारी न्याय गारंटी से गांव गांव की महिलाओं में भारी उत्साह है और महिलाओं ने केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला ले लिया है। उपरोक्त बातें चुनाव प्रचार के तहत ग्राम पैकिन, छुईपाली, खरखरी, सिंघोड़ा और दीवानपाली में सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को सालाना 1 लाख देने की गारंटी हमारी कांग्रेस पार्टी ने दी है। कांग्रेस की इस घोषणा से महिलाओं में खासा उत्साह है। कला जत्था दल के साथ पहुंची क्षेत्रीय विधायक का ग्रामीणों ने बड़े ही आत्मीयता से स्वागत किया। कार्यक्रम को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दुर्गा सागर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव द्वय भूमिका ध्रुव, दीपांजलि बारीक, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, छुहीपाली ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष बलराम भोई, जनपद सदस्य क्षमानिधि साहू, महिला कांग्रेस की ब्लाक अध्यक्ष पूजा तिवारी, रीमा यादव, जयश्री, पूर्णिमा चौहान, माधुरी चौहान, तन्मय पंडा, राकेश साहू, बलराम पटेल, सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आईएएस सौरभ स्वामी सामान्य प्रेक्षक एवं आईपीएस बीपिनशंकर राव आहिरे पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर-चांपा हेतु आईएएस सौरभ स्वामी सामान्य प्रेक्षक एवं आईपीएस बीपिन शंकर राव आहिरे पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी सर्किट हाऊस जांजगीर के हसदेव कक्ष में सुबह 10 से 11 बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि,प्रत्याशी, आम जनता उनसे अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए में मिल सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी का मोबाइल नंबर 7647045961 एवं उनके लाईजनिंग अधिकारी शशांक सिंह, मोबाईल नंबर 7987067974 हैं। पुलिस प्रेक्षक बीपिन शंकर राव आहिरे हाऊस के महानदी कक्ष में ठहरें हुए हैं।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्र जी के जन्मोत्सव पर नगर में निकली विशाल शोभायात्रा

**जय भवानी जय शिवाजी के जयघोष के साथ निकली यात्रा**

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के सफ्लता और भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पश्चात वि.हि.प के केंद्रीय सांगठनिक निर्देशानुसार बजरंग दल ने इस वर्ष मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी के पावन जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में वि.ही.प , बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा ऐतिहासिक भव्य राम नवमी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका श्रीगणेश दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका प्राची यादव, मुस्कान गुप्ता, खुशी गुप्ता. आस्था पंडा, राखी महाखुड़, सुमन यादव, गीतू केंवट, संजना गोस्वामी, श्रुति गोस्वामी, भूमिका प्राणिग्राही सहित दुर्गा वाहिनी की प्रत्येक दायित्ववान पदाधिकारियों सहित सभी सदस्याओं द्वारा गणपति पूजन कर भगवती भवानी भारती की विधिवत पूजा अर्चना कर रक्त तिलक करके जय भवानी - जय शिवाजी के गगनभेदी जयघोष के साथ किया गया। शोभायात्रा के शक्ति संचलन का नेतृत्व संगठन के मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी के माताओं बहन द्वारा किया गया। जिसके साथ भगवान श्रीराम माता सीता और लक्ष्मण जी की भव्य जीवंत झाँकी जिसमें पूर्व सैनिक धर्मेंद्र चौधरी द्वारा संचालित जिले के प्रथम डिफेंस प्रशिक्षण केंद्र फुलझर डिफेंस एकेडेमी के अनिकेत सिंह ने श्रीराम, नितेश साव ने लक्ष्मण और बहन बबिता भोई ने माता सीता और सरस्वती शिशु मंदिर के छात्राओं ने ईश्वरीय वेशभूषा में भक्तजनों का मन मोह लिया। बजरंग दल के पदाधिकारियों को गौ तस्करों एवं असामाजिक तत्वों द्वारा निरंतर धमकियाँ मिलने के पश्चात बजरंग दल प्रांत के विशेष अभ्यस्त शौर्य प्रशिक्षित बजरंगियों सहित जिला सुरक्षा प्रमुख चंचल सुधीर उमरेडकर द्वारा दुर्गा वाहिनी की बहनों सहित संपूर्ण शोभायात्रा पर प्रत्येक गतिविधियों पर विशेष दृष्टि बनाये हुए पूर्ण सतर्कता पूर्वक शोभायात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराने के विशेष भूमिका रही। इस आयोजन में सिंगबहाल से आए रुद्रेश्वरी घंट वादकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसके अतिरिक्त दो डीजे और भव्य रथ में श्री राम लक्ष्मण जानकी की नयनाभिराम झाँकी के विहंगम दृश्य ने नगर के सभी सनातनी भक्तों का हृदय भक्ति से परिपूर्ण कर दिया । इस बीच संगठन के बजरंगियों द्वारा तलवार, दंड आदि शस्त्रों का संचालन भी किया गया जो धर्मान्तरण और हिन्दुविरोधी शक्तियों को एक सांकेतिक चेतावनी है की बजरंग दल अपने बजरंगियों को प्रशिक्षण केवल मनोरंजन के उद्देश्य से नही देता धर्म रक्षणार्थ इनके प्रशिक्षण एवं उपयोग से समाज को सशक्त किया जाता रहा है और यह क्रम अविरत रहेगा। इस आयोजन में विश्व हिन्दु परिषद् गुड्डु जायसवाल, नंदू राम यादव, विवेक शर्मा कर, विकास महापात्रा सहित बजरंग दल के मयंक पाणिग्राही, प्रदीप साहू, विश्वनाथ प्रधान, श्रीकांत साहू, प्रहलाद डड़सेना, आशुतोष मिश्रा, सोमू साहू फरोज पटेल, प्रकाश पटेल, वासु तिवारी, नंदन सिंह, अभय सिंह, शाहिल, करण चौहान, करण अग्रवल, लक्की उमद, राज गोस्वामी, कृष्णा अग्रवाल, दुर्गेश बंछोर, बिट्टू यादव, अजय यादव, नीरज साहू, आशीष निषाद, नीरज सोनवानी एवं पवन कलेत सहित हजारों की संख्या में बजरंगी उपस्थित रहे ।

# महावीर जयंती महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



महावीर जयंती महोत्सव जैन समाज बलौदा बाजार द्वारा 21 अप्रैल रविवार को मनाया जाएगा समाज के सभी वर्गों में उत्साह का माहौल है जयंती की तैयारी जोरों शोरों से चल रही है इसमें सुबह भगवान महावीर की पूजा भव्य जुलूस की तैयारी चल रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज का सामाजिक मिलनद्य जुलूस में जगह-जगह ठंडा आइसक्रीम का आयोजन सर्व समाज द्वारा शाम को महावीर का कलश, शांति धारा जिससे विश्व का कल्याण हो। पुरुष वर्ग सफेद और महिलाएं पीला वस्त्र धारण करेंगे बहुत ही भव्य तैयारी चल रही है। इस पर समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि भगवान महावीर ने लोगों को अहिंसा, सत्यवादीता, पवित्रता और मोक्ष की खोज करने की शिक्षा दी। समाज के सचिव अमित जैन ने बताया कि जंग एक भी लड़ा नहीं फिर भी जग को जीत लिया अहिंसा का हमको मंत्र दिया दिनेश जी और अमित जी ने पूरे धर्म प्रेमियों को एक साथ महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है महावीर जयंती की तैयारी में समाज के संरक्षक इंद्र कुमार पदमचंद महावीर काला कपूरचंद लेखचंद रमेश महेंद्र नरेंद्र जैन दिलीप जैन अशोक जैन निखिल जैन अनुराग जैन धीरज जैन दिलीप जैन ऋषभ जैन मोनू जैन मनोज जैन प्रवीन जैन सुभाष जैन सुमित जैन श्रेयांस जैन, अभिषेक जैन, आदि एवं महिलाओं में समाज की अध्यक्ष सुमन जैन ममता जैन रुचि जैन नेहा ऋषभ जैन, नेहा सुभाष जैन दीपिका जैन निर्मला जैन, बिना जैन, शोभा जैन, एकता जैन, सुनिधि जैन साधना जैन, ज्योति जैन, रीत जैन ,संगीता जैन ,नविता जैन, रंजना जैन और संपूर्ण जैन समाज बलौदा बाजार महावीर जन्मोत्सव की तैयारी कर रहा है ।

# नाली में गोबर देख भड़के आयुक्त वर्मा, डेयरी संचालक पर जुर्माना, नहर सफाई में लाए तेजी





पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

डेयरी संचालक की मनमानी पर गुरूवार को आयुक्त मोनिका वर्मा ने फटकार लगाई। डेयरी संचालक पर दो हजार का जुर्माना लगाया। दरअसल डेयरी संचालक दुधारू मवेशी के गोबर को सार्वजनिक नाली में डाल रहा था।

डेयरी संचालक के इस हरकत को देख नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डेयरी संचालक को समझाइश देने मौके पर बुलवाया। समझाइश के पहले वार्ड 29 निवासी डेयरी संचालक बिसौहा राम यादव यह कहते हुए बहस करने लगा कि वह अकेला नहीं है जो नाली में कचरा डालता है। डेयरी संचालक के इस व्यवहार को देखने के बाद आयुक्त ने मौके पर ही 2000 जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग से कहा कि खटाल संचालक दोबारा गलती करते पाए जाने पर दो गुना जुर्माना वसूल किया जाए।

### जहां नाली टुटी है उसे करे सूचीबद्ध

मार्निंग विजिट के तहत आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 29 में 14 लाख से बने ऑक्सीजोन का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजोन में डेयरी से आने वाली गंदगी को रोकने के निर्देश दिए। साथ ही अधुरे पानी निकासी के संसाधन को सूचीबद्ध करने कहा।

### सफाई पर हर रोज हो मॉनिटरिंग

आयुक्त ने वार्ड 29 में चल रहे सफाई कार्य का जायजा लिया। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए कि वार्ड में होने वाले सफाई कार्य की मॉनिटरिंग प्रतिदिन हो। सफाई कार्य में मानव संसाधन की कमी होने पर एजेंसी को नोटिस जारी करे।

### नहर सफाई में लाए तेजी

सिंचाई विभाग द्वारा निस्तारी तालाब के लिए दिए जाने वाले पानी की स्थिति की जानकारी ली। आयुक्त ने वीआईपी नगर स्थित नहर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जल्द ही नहर सफाई कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए।

# भिलाई-चरौदा निगम ने चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान







पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई-3
www.dailypioneer.com

भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इन सभी कार्यक्रमों का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान को प्रोत्साहित करना है। यहाँ यह बता दें कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दुर्ग से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक मतदाता का मताधिकार सुनिश्चित किये जाने जागरूकता का प्रचार और प्रसार किया जा रहा हैं। इसे सफल करने रैली बैनर-पोस्टर सहित अन्य माध्यमो का उपयोग करते हुये मतदान के प्रति जन जागरण का अभियान निगम द्वारा चलाया जा रहा हैं। इस कड़ी में भिलाई-चरौदा निगम क्षेत्र में कार्यरत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विशाल रैली निकालकर स्थानीय मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान प्रदान करने प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा हैं। आयुक्त दशरथ सिंह राजपूत ने बताया कि हमारा मतदान निर्भिक निष्पक्ष और किसी भी प्रकार के प्रलोभन से मुक्त हो इस भावना को जन-जन तक पहुँचाना ही मतदाता जागरूकता अभियान का लक्ष्य हैं। दिव्यांग वरिष्ठ तथा तथा युवा मतदाताओं में मतदाता जागरूकता अभियान से एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदाताओं में जागरूकता लाने इस तरह का आयोजन भिलाई-चरौदा निगम प्रशासन द्वारा आगामी मतदान तक निरंतर किया जाता रहेगा।

# नामांकन के चतुर्थ दिवस 9 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र किया जमा





पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत नामांकन जमा करने के चतुर्थ दिवस संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 9 नामांकन जमा हुआ, जिसमें अरूण जोशी निर्दलीय, भानू प्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, मती अंजू केमे एकम सनातन भारत पार्टी, राकेश साहू न्याय धर्म सभा पार्टी, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, अली हुसैन सिद्दकी निर्दलीय, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, पुष्पा मेरिसा अम्बेडकर राईट पार्टी ऑफ इंडिया ने नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन अभ्यर्थी शीतकरण आजाद समाज पार्टी (का.), निर्दलीय संतोष कुमार मारकण्डे, दाऊ राम चौहान, ध्रुव कुमार सोनी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। इस प्रकार अब तक 19 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। वहीं 27 लोगों ने अब तक नामांकन खरीदी किए हैं।

# दुर्ग में 05 से 07 मई एवं राजनांदगांव व बालोद में 24 से 26 अप्रैल तक मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

## मतदान के दौरान मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 07 मई 2024 को जिले में होने वाले मतदान के अवसर पर 05 मई 2024 को शाम 6 बजे से 07 मई 2024 सम्पूर्ण दिवस को मदिरा दुकानों के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल.1 (ख-अहाता), एफ एल.1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफ एल 2, 3, 3 (क, ख, ग,), 4. 4(क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, 9, 9 (क) एवं सी.एस. 1. सी.एस.1-ख, सी.एस.1-ग, एफएल. 10, 10 (क, ख.), भांग / भांगघोटा की फुटकर दुकाने तथा भण्डारण भाण्डागार भिलाई बंद रहेगी। उक्त अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने जिले के सीमावर्ती जिले राजनांदगांव एवं बालोद में लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के अवसर पर 24 अप्रैल 2024 को शाम 06 बजे से 26 अप्रैल 2024 को शाम 06 बजे तक अर्थात् मतदान समाप्ति तक शुष्क अवधि घोषित किया है। इस दौरान जिले में स्थित निर्वाचन क्षेत्र के सीमावर्ती विदेशी मदिरा दुकान अण्डा/देशी मदिरा दुकान अंजोरा/अण्डा एवं एफएल.-3 (ग) मोटल आर्शीवाद इंटरप्राईजेस, ग्राम खपरी, रसमड़ा, तथा एफएल.-4(क) प्लेजर क्लब अंजोरा को बंद रखने कहा है। उक्त अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कड़ाई से पालन करने कहा गया है।

# मछुआ समिति के सदस्यों एवं समूह की महिलाओं ने मतदान करने ली शपथ




पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विकासखण्ड पथरिया के ग्राम छिन्दभोग एवं सकेरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं ने लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को निर्भीक होकर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ ली। मत्स्य पालन विभाग के सहायक संचालक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मतदान संबंधी नारे लगाकर मतदाताओं को चुनाव में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने जागरूक किया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं बिहान की महिला सदस्य मौजूद रहीं।

# विद्यार्थियों को कैरियर गाइडलाइन एवं कंप्यूटर व इंग्लिश की निशुल्क प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

सुखनंदन महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी 12 वी की परीक्षा दिए विद्यार्थियों को कैरियर गाइडलाइन का प्रशिक्षण दिया जा रहा साथ ही साथ उन्हे कंप्यूटर व इंग्लिश की निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा जिससे 12 वी के बाद छात्र छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए मदद मिल सके। महाविद्यालय में लगभग 200 छात्रों ने अब तक पंजीयन करा चुके हैं एवं उनकी कक्षाएं शुरू हो चुकी है और अभी भी पंजीयन चल रहा है इच्छुक छात्र-छात्राएं पंजीयन करा सकते है। महाविद्यालय के वाइस प्रीसिपल डॉ. रमाकांत चंद्राकर बताया की जो छात्र छात्रांए प्रशिक्षण ले रहें है उनको प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। चंद्राकर सर ने बताया की ऐसे छात्र छात्राएं जो स्कूली परीक्षा होने के बाद ग्रीष्मकालीन समय का सदुपयोग नही करते उनके लिए यह अवसर उनकों अपने कैरियर बनाने में मदद मिलेगा आज के समय में कम्प्यूटर की शिक्षा बेहद जरूरी है। क्षेत्र में कंप्यूटर सीखने की ललक रखने वाले विद्यार्थीयो के लिए बेहतर अवसर है। यह प्रशिक्षण बैंकिग की तैयारी अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं में लाभकारी सिद्ध होगा।

# दुर्ग नगर निगम के सभागार में वाहन प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64, दुर्ग द्वारा आज नगर निगम सभागार में प्राचार्यों, प्रधान पाठको, सकुल समन्वयक की बैठक ली। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं तथा शौचालय, पानी, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, सहित दरवाजे, खिड़की, दरवाजे में कुंडी आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने, प्रतिदिन संस्था में जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, निर्वाचन व्यवस्था से संबंधित कार्य के लिए अवकाश दिनों भी शाला खोलने, दो-दो कर्मचारियों के नाम, पदनाम और संपर्क नंबर शाला में डिस्प्ले करने, फर्नीचर व्यवस्था उपलब्ध कराने, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस के छात्रों का नाम वैलेंटियर के रूप में नियुक्त करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द हो पूरा : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास का कार्य को लेकर आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने संबंधित अधिकारियों के साथ डाटा सेंटर में बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का कार्य तत्काल पूर्ण कराना सुनिशित करें। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 108 आवास गणपति विहार को 15 मई तक एवं 116 आवास पोटियाकला को 22 अप्रैल तक फ़िनिशिंग स्टेज से कम्पलीट कर के नगर निगम को हैंडओवर करने को कहा गया है तथा आवंटित आवास में जिन हितग्राहियों ने पूरी राशि जमा कर दिया है उन्हें आधिपत्य सौपे।बैठक के दौरान नोडल अधिकारी दिनेश नेताम, सहायक नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया सूडा से उपस्थित प्रीतेश वर्मा,पीएमसी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा करते हुए पूर्ण हो चुके आवासों की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगतिरत कार्यो को शीघ्र पूर्ण

## विधानसभा 62-पाटन के लिए माकपोल हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 को

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग अंतर्गत विधानसभा 62-पाटन के उपयोग होने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग कार्य 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से मानस भवन में किया जाना है। विधानसभा 62-पाटन के लिए नोडल अधिकारी दीपक कुमार निकुंज सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। माकपोल कार्य के लिए 22 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी महाविद्यालय (बीआईटी) दुर्ग में प्रशिक्षण आयोजित की गई है। माकपोल कार्य के लिए जिन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, उनमें समाज शिक्षा संगठक जनपद पंचायत पाटन मती भूमिका गोपाल को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायक प्रभारी अधिकारी जनपद पंचायत तकनीकी सहायक अंशुल हल्दकर, तुकेश कुमार साहू एवं यमन बघेल, समाज कल्याण प्रमुख कलाकार जन्तराम ठाकुर, समाज कल्याण सहायक ग्रेड-3 सोहन लाल बंजारा, जिला पंचायत सहायक ग्रेड-2 इमेन्द्र साहू, जनपद पंचायत पाटन अंकित जयवाल, जनपद पंचायत पाटन शैली सरवैया, पल्लवी साहू एवं आभा नेताम की ड्यूटी लगाई गई है।

**युवा शक्ति ने लगाए नारे मिला है हल्दी चावल नेवता रखेंगे इसका मान,हम सब करेंगे शत प्रतिशत मतदान**

# मतदाता जगरूकता हेतु नवाचारी अभियान, खालसा कॉलेज में हल्दी, पीला चावल नेवता कार्यक्रम

## युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति, शत प्रतिशत करें मतदान: डॉ पाणिग्राही

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



लोक सभा चुनाव जैसे जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे वैसे मतदाताओं को जागरूक करने कार्यक्रम भी अब तेज गति से हो रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान हेतु मैदानी स्तर पर कार्यक्रम अनवरत चल रहे हैं। इस बीच एक नवाचारी अभियान डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही द्वारा शुरू किया गया है।हल्दी पीला चावल युक्त मतदान नेवता देने जगह जगह पहुंच रहे हैं। सबसे पहले जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, संभागायुक्त एसएन राठौड़, आईजी रामगोपाल गर्ग, जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को दिया, आंगनबाड़ी, कार्यकर्ता महिलाओं, वरिष्ठ जनों स्व सहायता समूह की महिलाओं तक पहुंच रहे हैं। युवाओं के बीच इस नेवता को लेकर पहुंचने के लिए कॉलेज का रुख किया है। इस कड़ी मे खालसा कॉलेज दुर्ग में प्राचार्य सुनीता बोकड़े के मार्गदर्शन एवम स्टाफ की सहभागिता के साथ बी एड द्वितीय एवम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता का अभिनव कार्यक्रम हल्दी पीला चावल युक्त मतदान नेवता वितरण किया गया। इसके पश्चात डॉक्टर पाणिग्राही ने इस नवीन अवधारणा के बारे में बताते हुए अनेक दृष्टांत के साथ मतदान की विस्तृत जानकारी दी। युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है, मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान की अपील किया। प्राचार्य सुनीता बोकड़े ने इसके पहले खालसा कॉलेज में चलाए गए मतदान जागरूकता की जानकारी देते हुए कहा हमारे छात्र छात्राएं शत प्रतिशत मतदान करेंगे। छात्र छत्राएं शादी ब्याह की तर्ज पर आत्मीयता के साथ मिले हल्दी पिला चावल नेवता पाकर अत्यंत ही खुश नजर आ रही थी। छात्र छात्राओं ने लगाए नारे मिला है हल्दी चावल नेवता रखेंगे इसका मान। हम सब करेंगे शत प्रतिशत मतदान। अंत में शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ लिए।इस कार्यक्रम में 100 छात्र छात्राओं सहित सहायक प्राध्यापक आभा शर्मा, मनीषा वर्मा, डॉ देहुती बंछोर, ललिता परमार, दिव्या सिंह, तथा ऋषिका सोनी, योगेश देवांगन, अफसाना खान की श्रेष्ठ सहभागिता रही।

# विवाह कार्यक्रम में मतदान करने दिलाई गई शपथ



**मुंगेली।** जिले के मतदाताओं को मतदान करने जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम सेमरसल में विवाह कार्यक्रम के दौरान बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलाई गई और लोकसभा निर्वाचन में 07 मई को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने प्रेरित किया गया। साथ ही ''शत-प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' का संदेश दिया गया।

## संपादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की राय बैलट पेपर अस्वीकार्य

सर्वोच्च न्यायालय ने मतदान के लिए बैलट पेपर का विचार खारिज कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों-ईवीएम की आलोचना खारिज करते हुए आम चुनाव उनके द्वारा ही कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उसने बैलट पेपर की वापसी का विचार सिरे से खारिज कर दिया है। यह कथन ईवीएम की विश्वसनीयता पर चल रही बहस के दौरान आया है। अनेक विपक्षी नेताओं ने सार्वजनिक रूप से ईवीएम परिणामों की सटीकता पर संदेह व्यक्त किया था तथा इनमें छेड़छाड़ व लोकतांत्रिक प्रक्रिया को संभावित नुकसान पर चिन्ता प्रकट की थी। सर्वोच्च न्यायालय का दृष्टिकोण 'चुनाव सुधारों' के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने के पक्ष में है जिसमें पारदर्शिता तथा लोकतांत्रिक व्यवहारों की प्रभावशीलता के बीच संतुलन हो। चुनावों में ईवीएम का प्रयोग कांग्रेस सरकार द्वारा भारत में 1990 के दशक में शुरू करने के बाद से ही विवाद का विषय रहा है। जहां इसके पक्षधर चुनाव प्रक्रिया में इसकी प्रभावशीलता, सटीकता तथा क्षमता को रेखांकित करते हैं, वहीं आलोचकों को इसकी संभावित हैकिंग, टैंपरिंग तथा छेड़छाड़ की चिन्ता है। इन चिन्ताओं के कारण परंपरागत बैलट पेपरों की वापसी की मांग की गई थी क्योंकि कुछ लोग इसे मतदान का ज्यादा सुरक्षित व पारदर्शी तरीका मानते थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने इस वापसी से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियां रेखांकित की हैं। बैलट पेपर से ईवीएम में परिवर्तन चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम था। ऐसे में बैलट पेपर की वापसी न केवल तकनीकी रूप से एक प्रतिगामी कदम होता, बल्कि इससे भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में बड़े पैमाने पर चुनाव कराना भी बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता।

सुप्रीम कोर्ट का यह कहना बिल्कुल सही है कि ईवीएम की जगह बैलट पेपर की वापसी बहुत बड़ी समस्या पैदा करेगी। हालांकि, 'वोटर वैरीफायेबल पेपर आडिट ट्रेल'-वीवीपैट एक मध्य मार्ग है। एलेक्ट्रानिक वोटिंग तथा परंपरागत बैलट पेपर व्यवस्था के बीच संबंध के रूप में यह मतदाता को कागज की एक पर्ची के माध्यम से इस बात की पुष्टि का अवसर देता है कि उसका वोट एक खास उम्मीदवार के नाम और चुनाव निशान में गया है। ऐसे में उम्मीदवार के नाम वाली इन कागज की पर्चियों को एकत्र कर एलेक्ट्रानिक मतों के साथ उनकी गणना करने से व्यवस्था को पारदर्शी बनाने में बहुत सहायता मिलेगी। ईवीएम के आलोचकों ने अक्सर चुनाव परिणामों में कथित छेड़छाड़ व विसंगतियों की ओर संकेत किया है। हालांकि, इन चिन्ताओं पर गौर किया जाना चाहिए, पर वास्तविक मुद्दों तथा राजनीतिक एजेंडों के चलते आधारहीन दावों के बीच अंतर करना जरूरी है। चुनाव प्रक्रिया की निष्ठा सर्वोपरि है और किसी प्रकार के कदाचारों की गंभीरता से जांच कर उनको संबोधित किया जाना चाहिए। चुनाव परिणामों की वैधता में दृष्टिकोण की महत्वपूर्ण भूमिका है, अतः पारदर्शिता व जवाबदेही मजबूत करने के प्रयास जरूरी हैं। तकनीकी प्रगति को एकदम खारिज करने के बजाय चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा, पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने पर विचार होना चाहिए। वर्तमान समय में 10 प्रतिशत ईवीएम व वीवीपैट पर्चियों की गिनती का मिलान किया जाता है। अब तक ईवीएम से हुए अनेक चुनावों में इसमें कोई अंतर नहीं पाया गया है। ऐसे में सारी वीवीपैट पर्चियों व ईवीएम की गिनती का मिलान अव्यावहारिक तथा प्रक्रिया में लंबा खींचने वाला होगा। इसे अनिवार्य बनाने से ईवीएम का लाभ समाप्त हो जाएगा।

# कर्नाटक में शक्ति प्रदर्शन

## कर्नाटक में लोकसभा चुनाव की तैयरियां तेज हुई हैं। यहां कांग्रेस तथा भाजपा-जेडीएस गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर होना तय है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



कर्नाटक में लोकसभा चुनाव की तैयरियां तेज हुई हैं। यहां कांग्रेस तथा भाजपा-जेडीएस गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर होना तय है। कर्नाटक के 28 चुनाव क्षेत्रों में 26 अप्रैल व 7 मई को मतदान होगा। यहां कांग्रेस पार्टी तथा भाजपा-जेडीएस गठबंधन मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के सभी प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में अभियान तेज करने के लिए राज्य का कई बार दौरा कर चुके हैं। भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का समर्थन प्राप्त है जो लिंगायत समुदाय के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनका राज्य में बहुत बड़ा 'वोटबैंक' मौजूद है।

कर्नाटक में लोकसभा का वर्तमान चुनाव राज्य के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह उसके इतिहास में एक उल्लेखनीय मोड़ निर्धारित करेगा। कर्नाटक को दक्षिण भारत में भाजपा का प्रवेश द्वारा कहा जाता रहा है। अतीत पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि अनेक वर्षों तक यह कांग्रेस का मजबूत गढ़ रहा है। कर्नाटक ने कांग्रेस और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का आपातकाल के उस दौर में भी समर्थन किया था जब उनकी पार्टी को उत्तर भारत में तगड़ा धक्का लगा था। आपातकाल के बाद भी यह राज्य कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना रहा। कर्नाटक का इसलिए भी कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि यहां श्रीमती इंदिरा गांधी और श्रीमती सोनिया गांधी को विजय मिली थी। इन दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस को मजबूत करने में काफी योगदान दिया था।

कर्नाटक में वर्तमान लोकसभा चुनाव न केवल चुनावी मुकाबला हैं, बल्कि यहां कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी-भाजपा और जनता दल सेक्युलर के गठबंधन के बीच बहुत कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। वर्तमान चुनाव के माध्यम से भाजपा कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में फिर से अपना वर्चस्व स्थापित करना चाहती है जहां उसकी प्रदेश सरकार रही है। कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के परिणाम नीतिगत प्राथमिकताओं तथा प्रशासनिक शैली में परिवर्तन ला सकते हैं जिसका प्रभाव संभवतः राज्य की अर्थव्यवस्था तथा समाज के सभी आयामों पर पड़ेगा। चुनाव परिणाम लोगों के जीवन पर व्यापक प्रभाव छोड़ेंगे। इसलिए चुनाव प्रक्रिया में आम जनता की भागीदारी तथा उसकी राजनीतिक प्रक्रिया की समझ बहुत महत्वपूर्ण है।

भारतीय जनता पार्टी-भाजपा कर्नाटक में लोकसभा चुनाव में विजय प्राप्त करना चाहती है ताकि वह दक्षिण भारत में अपना क्षेत्रीय प्रभुत्व और मजबूत कर सके। इससे भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में स्थिति भी मजबूत होगी तथा वह दक्षिण भारत में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर सकेगी। दक्षिण भारत में कर्नाटक में ही भाजपा प्रदेश सरकार बनाने में सफल हुई थी, पर हालिया विधानसभा चुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा। जहां तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सवाल है, वह राज्य में लोकसभा चुनावों में विजय प्राप्त कर अपनी राज्य सरकार को मजबूती प्रदान करना चाहती है। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा के नेतृत्व वाला जनता दल सेक्युलर-जेडीएस भी राज्य के अत्यधिक प्रतियोगी राजनीतिक परिवेश में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहता है। अतीत में जेडीएस यहां महत्वपूर्ण तीसरी शक्ति था पर बाद में उसका प्रभाव घटा और वर्तमान समय में वह अपने अस्तित्व के लिए भी संघर्ष कर रहा है। कुल मिला कर कहा जाए तो जेडीएस अपनी राजनीतिक दीर्घजीविता प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है। कांग्रेस तथा भाजपा के चुनाव अभियान पर गौर करें तो स्पष्ट होता है कि भाजपा का कर्नाटक में प्रचार अभियान मुख्यतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस साल से चल रही केन्द्र सरकार की उपलब्धियां रेखांकित करने के साथ ही कांग्रेस की विफलतायें उजागर करना है। भाजपा दो प्रभावशाली समुदायों-लिंगायतों व वोक्कालिंगा को अपने साथ मजबूती से जोड़ने का प्रयास कर रही है जिनका उसकी चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान है।

राज्य में प्रभुत्वशाली लिंगायत समुदाय परंपरागत रूप से भाजपा का समर्थक रहा है। इसने भाजपा की विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा राज्य का एक और प्रभावशाली समुदाय वोक्कालिंगा परंपरागत रूप से जेडीएस का मजबूत गढ़ रहा है। इन समुदायों को अपने पक्ष में मजबूती से जोड़े रखना भाजपा तथा भाजपा-जेडीएस गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। भाजपा को कुछ स्थानीय विरोधाभासों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह 2014 के बाद पहली गंभीर स्थिति है जब पार्टी को खुले विद्रोह का सामना करना पड़ा था। उनका मानना है कि भाजपा-जेडीएस गठबंधन की जमीनी स्तर पर स्वीकार्यता को और मजबूत करने की जरूरत है। हालांकि, कांग्रेस में भी सीट बंटवारे व अन्य मुद्दों पर व्यापक विद्रोह की स्थिति है जिसके चलते उसके अनेक विद्रोही उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं। कांग्रेस कर्नाटक लोकसभा चुनाव में विजय के लिए खासकर एससी, एसटी व मुसलमानों के समर्थन पर जोर दे रही है। कांग्रेस ने पिछले साल पांच मूल चुनावी 'गारंटियों' का वादा किया था जिनका क्रियान्वयन हो गया है। इनमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा तथा शिक्षा एवं रोजगार सृजन के लिए ज्यादा धन आबंटन शामिल हैं। इन गारंटियों का लक्ष्य क्षेत्र के मतदाताओं की खास चिन्ताओं को संबोधित करना तथा समाज कल्याण व आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता प्रकट करना है।

एडिना, न्यूज़ 18 व इंडिया टुडे समूह द्वारा कराए तीन चुनाव-पूर्व सर्वेक्षणों ने कर्नाटक लोकसभा चुनावों के बारे में परस्पर विरोधी अनुमान व्यक्त किए हैं। एडिना ने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस को 17 सीटें तथा भाजपा-जेडीएस गठबंधन को 11 सीटें मिलेंगी। वहीं न्यूज 18 का अनुमान है कि राजग यानी भाजपा-जेडीएस गठबंधन को 25 सीटों पर विजय मिलेगी और कांग्रेस केवल 3 सीटों तक सिमट जाएगी। इंडिया टुडे समूह का अनुमान है कि राजग को 53 प्रतिशत मत मिलेंगे और वह 24 सीटों पर विजय पाने में सफल होगी। उसके अनुसार, क्षेत्रीय पार्टियों के कांग्रेस नीत 'इंडिया' गठबंधन को 42 प्रतिशत वोटों के साथ केवल 4 सीटों पर सफलता मिलेगी। ये चुनाव पूर्व सर्वेक्षण वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य की झांकी पेश करते हैं। चुनाव सर्वेक्षण पाठकों को चुनाव के संभावित परिणाम समझने में मदद करते हैं। वर्तमान स्थिति 2019 के चुनाव से एकदम उलट है जब कांग्रेस और जेडीएस में गठबंधन था। भाजपा का उद्देश्य पुराने मैसूर में वोक्कालिंगा वोट अपने पक्ष में ला कर चुनाव में विजय पाना है। पुराने मैसूर में वोक्कालिंगा प्रभावशाली समाज है जो परंपरागत रूप से जेडीएस का समर्थक रहा है। इस समुदाय को जीतने की भाजपा की रणनीति में जातीय समीकरण, विकास के वादे तथा कांग्रेस सरकार की विफलतायें उजागर करना शामिल है। यदि यह राजनीति सफल होती है तो इससे चुनाव परिणामों तथा राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

भाजपा ने अपने उम्मीदवारों में लोकप्रिय कार्डियोलोजिस्ट, मैसूर राज परिवार के सदस्य तथा पूर्व मुख्यमंत्री को शामिल किया है। इसने कुछ नए चेहरों को भी मैदान में उतारा है। कांग्रेस के उम्मीदवारों में अनेक मंत्रियों के रिश्तेदार शामिल हैं और ये उम्मीदवार चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। भाजपा ने राज्य में पहली सरकार 2008 में बनाई थी, लेकिन तबसे सरकारें उलटने का खेल जारी है। विधायकों को पालाबदल के लिए ललचाने में पैसा और पद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इससे राज्य की राजनीति में एक और जटिलता पैदा हुई है। कांग्रेस तथा भाजपा-जेडीएस गठबंधन चुनाव प्रचार में अपने सारे संसाधन झोंक रहे हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव मतदाताओं को पिछले विधानसभा चुनाव में विजयी कांग्रेस पार्टी और राज्य में पहले सत्तारूढ़ रही भाजपा के बीच फैसला करना है।

हालांकि, कुछ लोग कांग्रेस को पसंद कर सकते हैं, पर भाजपा के पास अपना प्रतिबद्ध समर्थक आधार है। यदि मतदाता भाजपा को अस्वीकार कर देते हैं तो इसका अर्थ कम से कम अस्थाई रूप से इसकी दक्षिण भारत में पहुंच के प्रयासों पर विराम लगेगा। इसके उलट यदि दो चुनाव-पूर्व सर्वेक्षणों के अनुसार भाजपा-जेडीएस गठबंधन को विजय मिलती है तो प्रधानमंत्री मोदी के हाथ मजबूत होंगे तथा भाजपा का पूरे दक्षिण भारत में विस्तार सुनिश्चित होगा।

# जलवायु परिवर्तन के प्रति आध्यात्मिक दृष्टिकोण

"प्रकृति के साथ सद्भाव के जीवन में लौटने के लिए, हमें अपनी आध्यात्मिक पहचान का एहसास करने की आवश्यकता है।"



**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)

कुछ सदियों पहले किसी को भी जलवायु परिवर्तन की चिंता नहीं थी, क्योंकि ऐसा करने का कोई कारण ही नहीं था। लेकिन जैसे-जैसे मनुष्यों ने प्रकृति से अधिक दोहन किया और अत्यधिक जहरीले पदार्थों सहित कचरे की बढ़ती मात्रा को इसमें डाला, पारिस्थितिक संतुलन बाधित होने लगा। यह प्रक्रिया सदियों से तेज हुई है और हमें वर्तमान स्थिति में ले आई है, जहां कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, संपूर्ण मानव जाति शीघ्र ही विलुप्त होने का सामना कर रही है।

कभी-कभी जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को भविष्य में होने वाली घटनाओं के रूप में सोचा जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों को इस बात के बढ़ते सबूत मिल रहे हैं कि ग्रह अब बदल रहा है - और इस घटना के लिए लोगों को दोष का एक बड़ा हिस्सा लेना चाहिए। वे आगे बताते हैं कि औद्योगिक और वाहन प्रदूषण, सीएफसी के उपयोग और जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों की लूट के माध्यम से अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया है। इसने अधिक से अधिक सौर विकिरण को पृथ्वी के वायुमंडल के अंदर फँसा दिया है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी गर्म हो रही है जिससे हाल के दिनों में बाढ़, भूकंप, सुनामी और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक उथल-पुथल की श्रृंखला शुरू हो गई है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए इंसानों को खुद पर काम करने की जरूरत है। मनुष्य को प्रकृति पर अधिकार करने की आवश्यकता नहीं है। मानव आत्मा उन सभी भौतिक वस्तुओं का स्वामी है। जब आत्मा स्वयं को शरीर के साथ पहचानने लगती है तो वह पदार्थ और विकारों के प्रभाव में आ जाती है। सतयुग और त्रेता युग में, जब सभी मानव आत्माओं में आत्म-जागरूकता और दिव्य गुण थे, प्रकृति उनकी आज्ञाकारी सेवक थी। प्रकृति के तत्वों ने उस युग में जीवन को सुखमय बना दिया था, जिसे धार्मिक ग्रंथों में स्वर्ग या बैकुंठ के रूप में याद किया जाता है।



क्योंकि उस संसार के दिव्य प्राणी विकारों से मुक्त थे, उन्होंने कभी भी प्रकृति का शोषण या विनाश नहीं किया। पर्यावरण-अनुकूल होने के बजाय, उनके पास वास्तव में अनुकूल वातावरण था। वे न केवल अपने साथी प्राणियों के मित्र थे, बल्कि सभी प्राणियों के भी मित्र थे। यह स्थिति द्वापर युग की शुरुआत तक जारी रही जब आत्माएं भूल गईं कि वे कौन हैं और शरीर और विकारों के प्रभाव में आने लगीं। फिर उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे पर्यावरण को नुकसान पहुँचाया। बदले में, प्रकृति ने भी उन आत्माओं की आज्ञा का पालन करना बंद कर दिया, जिन्होंने खुद पर नियंत्रण खो दिया था। जैसे-जैसे बुराइयों का प्रभाव बढ़ता गया, वैसे-वैसे प्रकृति की लूट भी बढ़ती गई और जो एक समय सौहार्दपूर्ण रिश्ता था, वह शोषक और शोषित के बीच के रिश्ते में बदल गया।

भारत के प्रधान मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषण में कहा, हम अंधाधुंध उपभोग का रास्ता अपनाए बिना भी समान स्तर का विकास, समृद्धि और खुशहाली हासिल कर सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान होगा; इसका मतलब यह होगा कि हमारी अर्थव्यवस्थाएं एक अलग चरित्र धारण कर लेंगी। भारत में हमारे लिए, प्रकृति के प्रति सम्मान अध्यात्मवाद का एक अभिन्न अंग है। हम प्रकृति के उपहारों को पवित्र मानते हैं। योग हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। योग मन और शरीर की एकता का प्रतीक है; विचार और कार्य; संयम और पूर्ति; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य; और स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण। यह व्यायाम के बारे में नहीं है, बल्कि स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना की खोज करना है। हमारी जीवनशैली में बदलाव और जागरूकता पैदा करके, यह हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है।

अब, यदि हम कगार से वापस जाना चाहते हैं और प्रकृति के साथ सद्भाव के जीवन में लौटना चाहते हैं, तो हमें अपनी आध्यात्मिक पहचान और मूल्यों का एहसास करना होगा। इस तरह की जागरूकता हमें स्वाभाविक रूप से पर्यावरण-अनुकूल बनाएगी और एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी जो प्रकृति के तत्वों को फिर से हमारे साथ सामंजस्य स्थापित करेगी। यदि मनुष्यों का एक महत्वपूर्ण समूह इस आध्यात्मिक जागरूकता के साथ जीना शुरू कर दे, तो प्रकृति स्वयं ही हमारी मित्र बन जाएगी और मानवता एक संदिग्ध भविष्य के बजाय एक सुनहरा भविष्य देखेगी।

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# बटोरन नहीं बांटन लाल बनें

**विजय मिश्रा 'अमित'**



**सृष्टि** के जीवों में मनुष्य की गिनती एक विवेकशील प्राणी के रूप में होती। इसलिए त्याग, दान और दया जैसे भाव की अपेक्षा मनुष्य से स्वाभाविक रूप से की जाती है। इतिहास साक्षी है अधिकाधिक त्याग की भावना से भरे मनुष्य ही महान विभूतियों के रुप में विख्यात हुए।राजा हरिश्चंद्र, महर्षि दधीचि,दानवीर कर्ण,मर्यादा पुरुषोत्तम राम राज मोरध्वज, इसके आदर्श उदाहरण हैं। उन्होंने संदेश दिया कि- खुद दूसरों पर लूटाने वाले किसी को लूटा नहीं करते, पत्ते वही अच्छे लगते हैं जो डगालियों से टूटा नहीं करते मनुष्यों को बटोरन लाल नहीं बांटन लाल बनने तत्पर रहना चाहिए अर्थात हमेशा लालच की गठरी को बड़ा करने के बजाय अपनी गठरी में अनावश्यक संचित धन दौलत को दान-पुण्य में खर्च करने हाथ खुले रखना चाहिए। त्याग की प्रवृत्ति से ही मनुष्य के भीतर,दया, दानशीलता का गुण विकसित होता है। दान का अर्थ स्थूल रूप में धन दान से ही लिया जाता किंतु यह कोरा भ्रम है,इससे तो यही भान होता है कि निर्धन इंसान तो दान कर ही नहीं सकता। ऐसे भ्रम को दूर करने के लिए ही सभी धर्मों में धन दान के अलावा श्रमदान, विद्या दान,जल दान, नेत्रदान, रक्तदान देहदान का भी उल्लेख मिलता है। आप रास्ते में कहीं जा रहे हैं और कोई रिक्शा, ठेला वाला चढ़ाई वाली जगह पर बोझा भरे अपने रिक्शा ठेला को नहीं खींच पा रहा है।पसीने से तरबतर हो चला है। उस वक्त उसे अनदेखा करने के बजाय आप अपनी गाड़ी से उतरकर उसको चढ़ाई चढ़ने में मदद करते हैं। रिक्शा ठेला को ढकेलकर ऊपर तक चढ़ा देते हैं तो यह श्रमदान आपके धन दान से अधिक महत्व रखता है। ऐसे ही रास्ते में कहीं जा रहे हैं और किसी सार्वजनिक जगह पर नल से बहते पानी को नल की टोंटी बंद करके रोक देते हैं। गांव- शहर में तालाबों- बावलियों की सफाई में सहयोग करते हैं,तो पानी की बरबादी रोकने की जिम्मेदारी के साथ साथ आप जल दान का भी पुण्य प्राप्त कर लेते हैं। आपके आसपास अनेक अभाव ग्रस्त विद्यार्थी होते हैं।आते जाते आपको फटे बस्ते, फटे जूते-चप्पल, कपड़े, कापी किताब लिए वे दिख जाते हैं। कड़ी धूप में तपती जमीन पर नंगे पांव चलते,पानी बरसात में भीगते, ठंढ में ठिठुरते अनेक गरीब विद्यार्थी नजर आते हैं। आप ऐसे विद्यार्थियों की मदद अध्ययन सामग्री, स्वेटर, बरसाती, छाता, जूते चप्पल देकर कर सकते हैं। खाली समय में उन्हें पढ़ा लिखा देते हैं तो आपका ऐसा उपक्रम विद्या दान की श्रेणी में आ जाता हैं। यह दान केवल उस विद्यार्थी के लिए ही नहीं बल्कि बृहद अर्थो में उसके परिवार समाज, देश के लिए भी बहुपयोगी सिद्ध होता है। दानों में विद्या दान, ज्ञान दान को इसीलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ अब्दुल कलाम जैसे महान हस्तियों ने सर्वोत्तम दान की संज्ञा दी है। चिकित्सा विज्ञान में हुई जबरदस्त उन्नति, अनगिनत अत्याधुनिक मशीनों के अविष्कार से अब देहदान नेत्रदान, रक्तदान जैसे अनेक शारीरिक अंगों के दान का भी नया रास्ता खुल गया है, फलस्वरूप मृत्युपरांत कोई भी व्यक्ति अपने समूचे शरीर को अथवा शरीर के अलग-अलग अंगों यथा, फेफड़े,किडनी, आंख (कार्निया), ऊतक त्वचा आदि का दान कर सकता है।यह मृत व्यक्ति की आत्मा को परम शांति देने वाला दान है। एक व्यक्ति के दिए आंख, किडनी फेफड़ा से अनेक जीवित व्याधिग्रस्त व्यक्तियों के जीवन दूखों का अंत और अपार सुखों का संचार होता है। ऐसे ही जीवित व्यक्ति भी बड़ी सहजता से रक्तदान, किडनी, लिवर का दान कर सकते हैं। रक्तदान तो प्रत्येक तीन माह में एक बार किया जा सकता है। मानव देह में ऐसी क्षमता होती है कि दान दिया हुआ रक्त चौबीस घंटे में पुनः निर्मित हो जाता है, यह सर्वविदित है कि रक्त को किसी फैक्ट्री में नहीं बना सकते हैं। मानव शरीर के अलावा रक्त प्राप्ति का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है,अतः रक्त दान में बढ़-चढ़कर भागीदारी विशेष कर युवाओं को अवश्य देना चाहिए। दान देने की प्रवृत्ति इस बात को भी उजागर करती है कि स्वयं का दर्द महसूस होना जीवित होने का प्रमाण है, लेकिन औरों का दर्द महसूस होना औरों के दर्द को दूर करना इंसान होने का प्रमाण है। दानवीर बनें औरों के संग स्वयं के सुख का मार्ग प्रशस्त करें।

# भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर इक्कीस सरपंचों ने पार्टी में प्रवेश किया

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतो और रीति नीति से प्रभावित होकर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के इक्कीस सरपंचों ने आज भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी में प्रवेश किया। सभी इक्कीस सरपंचों का भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने पार्टी का गमछा पहनाते हुए स्वागत किया तथा उन्हें समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार भट्ट, जिला महामंत्री संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। नव प्रवेशी सरपंचों ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि जिला भाजपा संगठन के निर्देशन में सभी लोग इस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे को जीतने तथा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे। प्रवेश करने वाले इन सभी इक्कीस सरपंचों से बातचीत कर उन्हें पार्टी की नीतियों से जोड़ना का काम जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने किया। जिन्होंने सभी सरपंचों से लगातार संपर्क किया और इन्हें पार्टी में प्रवेश कराया।

**ये सरपंच हुए शामिल**

बरदुली के पंडित गोलू दीवाना, कान्हाभैरा के रामप्रसाद, मक्के के मुक्तानंद साहू, मजगांव के हेमंत कुमार साहू, रवेली के सविता साहू दिनेश, रामहेपुर खुर्द के कोमल प्रसाद, भागूटोला के जयराम साहू, अशोक कश्यप सोनबरसा, लखनपुर कला के मैना पात्रे, महराटोला के मन्नू राम, बारदी की जलेश्वरी रामु साहू, छिरहा के श्रीराम पटेल, सिंघनपुरी के पीला राम साहू, जमुनिया उर्मिला चंद्रभूषण, बानो की चमेली चंद्रवंशी खामी केवरा ,गंगापुर पार्वती, लासाटोला के तुलाराम धुर्वे, समनापुर के मनोज पटेल, खदौड़ा खुर्द की भूरी बाई हरी राम साहू, बोधईकुंडा के भरत साहू ने भाजपा प्रवेश किया।

## बंगाली समाज दल्ली राजहरा ने बांगला नव वर्ष 1431 बंगाब्ध का शानदार स्वागत किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



बंगाली समाज दल्ली राजहरा द्वारा बांगला नव वर्ष 1431 बंगाब्ध का शानदार और गरिमामयी स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि बंगाली पंचांग के अनुसार वैशाख माह की पहली तिथि अर्थात पहला वैशाख को नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुकांत मंडल ,डाक्टर शैवाल जाना, गगन चंद्र पंड्या, कनक बनर्जी , गौतम बेरा, श्रीमती रीना पंड्या, श्रीमती पुरोबी वर्मा आदि की गरिमामियी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के तेल चित्र पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात धुनोची नृत्य के द्वारा ईश्वर की आराधना की गई। धुनोची नृत्य बंगाल की एक पारंपरिक नृत्य शैली है जिसमें विशेष प्रकार की आरती द्वारा ईश्वर की आराधना की जाती है। नव वर्ष के स्वागत के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पहले दिवस अल्पोना (रंगोली) प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता तथा खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें आल्पोना (रंगोली) प्रतियोगिता में प्रथम झूमा मोहंती द्वितीय ज्योति बनर्जी तृतीय मनीषा मंडल रही। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर देवो प्रिया भट्टाचार्य द्वितीय स्थान पर अदिति साहा तृतीय स्थान पर संप्रीता चक्रवर्ती रही। खेलकूद में जूनियर ग्रुप में बाल पासिंग में अर्पिता विश्वास प्रथम अदिति साहा द्वितीय तथा देवो प्रिया भट्टाचार्य तृतीय रही। सुरीली कुर्सी में प्रियंका मंडल प्रथम आराध्या दास द्वितीय वह रूपाली विश्वास तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार महिला सीनियर ग्रुप में कैंडल लाइट में शीला विश्वास प्रथम दीपा माईती द्वितीय और अदिति आईच तृतीय स्थान पर रही। बाल पासिंग सीनियर ग्रुप में अपर्णा चक्रवर्ती प्रथम पूर्णिमा मंडल द्वितीय तथा जबा कारफा तृतीय स्थान पर रही। इसी कड़ी में पुरुष वर्ग में बाल पासिंग गेम में पिंटू चक्रवर्ती प्रथम प्रदीप मोहती द्वितीय एवं मदन माइति तृतीय स्थान पर रहे। द्वितीय दिवस 14 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन हुआ। जिसमें समाज के बच्चों महिलाओं और पुरुषों ने अपनी अपनी विद्या में कविता नृत्य और संगीत की सुमधुर और मनमोहक प्रस्तुति से समा बांधा, जिससे नव वर्ष की पहली शाम सभी के लिए खूबसूरत और यादगार बन गई। कार्यक्रम में बंगाली समाज के बंधुगणों की बड़ी संख्या में गरिमामय उपस्थिति रही।

## पीएलवी एवं जिला चिकित्सालय ने मिलकर किया महिला मानसिक रोगी का रेस्क्यू

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पी.एल.वी चेतन सिंह व सोनिया राजपूत ने जिला चिकित्सालय बेमेतरा एवं सिटी कोतवाली बेमेतरा विभाग की प्रभारी मैंटेन आरती दत्ता एवं महिला आरक्षक क्रं. 162 रामबती नेताम के साथ मिलकर गनेशिया बाई मानसिक महिला रोगी को रेस्क्यू किया है। बेमेतरा में नगरवासियों द्वारा जानकारी दिये जाने पर 27-30 वर्षीय महिला जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है, के पास जाकर उससे मिलकर बातचीत करने के उपरांत उसे रेस्क्यू कर जिला अस्पताल बेमेतरा में प्राथमिक उपचार हेतु लाया गया। प्राथमिक उपचार में महिला प्रथम दृष्टया मानसिक रोगी होना दर्शित हुई। पी.एल.वी. एवं टीम के साथ मिलकर उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय लाया और वहां से महिला मानसिक रोगी के परिजनों का पता नही मिलने के बाद उसे अग्रिम उचित चिकित्सकीय ईलाज हेतु मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी बिलासपुर भेजे जाने हेतु मुख्य न्याायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा से रिफरल आदेश प्राप्त कर महिला मानसिक रोगी को मानसिक चिकित्सालय सेन्दरी, बिलासपुर प्रेषित किया गया।

## लोकसभा चुनाव में लगेंगे 300 वाहन और सभी होंगे जीपीएस से लैस

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य कराने के लिए मतदान दलों और सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए लगभग 300 वाहन की जरूरत पड़ रही है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कबीरधाम जिले में लोकसभा निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित सभी शासकीय एवं निजी वाहनों की जीपीएस मशीन के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के अनुपालन एवं कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अधिग्रहित सभी वाहनों में जीपीएस लगाई जा रही है। सभी वाहनों में जीपीएस लगाने के बाद परिवहन विभाग की सॉफ्टवेयर से लिंक की जाएगी। इस सॉफ्टवेयर और जीपीएस की मदद से मतदान दलों की कृषि उपज मंडी स्थित मतदान रवानी के स्थल से लेकर उन्हें मतदान केन्द्र पहुंच तक मॉनिटरिंग की जाएगी। लोकसभा निर्वाचन कार्य में लगे सभी 804 मतदान दलों के लिए मतगणना समाग्री स्थल एवं रवानगी स्थल कवर्धा स्थित नवीन कृषि उपज मंडी परिसर को मतदान दल रवानगी स्थल बनाया गया है। यहां से 25 अप्रैल को सुबह मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। कबीरधाम जिले के 804 मतदान दलों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपादित कराने के लिए उनके मतदान केन्द्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए लगभग 300 वाहनों के अधिग्रहण की कार्यवाही पूरी कर ली गई है। 804 मतदान दलों के लिए 187 रूट चार्ट भी तैयार कर लिए गए है, जिसमें कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के लिए 97 रूट और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को मतदान केन्द्र पहुंचाने के लिए 90 रूट चिन्हांकित कर सुगम, सुरक्षा की दृष्टि से तैयार कर लिया गया है।

## भूपेश बघेल को विजयी बनाने लगातार जनसंपर्क कर रहे पूर्व अपैक्स बैंक अध्यक्ष बैद्यनाथ चंद्राकर



पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बैजनाथ चंद्राकर (पूर्व अध्यक्ष अपैक्स बैंक, पूर्व सोसाइटी समिति अध्यक्ष मनोहर चंद्राकर के साथ पंडरिया विधानसभा अन्तर्गत ग्राम परसवारा, कुम्ही, धोबघट्टी, खरहट्टा, महली, भैसबोड़, महका, बघर्रा में लगातार सगन दौड़कर भूपेश बघेल के पक्ष में वोट मांग रहे हैं जनसंपर्क कर रहे हैं बैद्यनाथ चंद्राकर विधानसभा पंडरिया में पहले से ही सक्रिय है। क्षेत्र में काफी पकड़ माना जाता है चंद्राकर कुर्मी समाज के साथ-साथ और सभी वर्ग में भी इसकी पकड़ मजबूत है इसलिए लगातार घर-घर में जाकर डोर टू डोर प्रचार प्रसार कर रहे हैं भूपेश बघेल के पक्ष में पंडरिया विधानसभा मे लगातार सगन दौड़ा किया जा रहा है और गांव गांव जाकर चंद्राकर द्वारा बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री था तो अनेक प्रकार की योजनाएं लाए। जिसमें गरीब मजदूर किसान स्वयं सहायता समूह के साथ-साथ किसानों का कर्ज माफ किया महिला समूह को गौठान के माध्यम से काम मिला बेरोजगारी भत्ता दिया युवा को इस प्रकार सभी वर्ग को सीधा फायदा पहुंचा और इसका लाभ भी मिला आज राजनांदगांव के प्रत्याशी है भूपेश बघेल इन्हीं योजनाओं को मतदाताओं को बता कर घर घर पहुंच रहे हैं कार्यकर्ताओं के साथ भेंट मुलाकात एवं चर्चा किया जा रहा हैं और साथ ही साथ मतदाताओ से मिलकर अपना बहुमूल्य वोट भूपेश बघेल के पक्ष में वोट करने का अपील किया जा रहा हैं।

## शिकायत मिलने पर बाल विवाह होने से बचा

### परिजनों ने बालिक होने पर शादी करने दी सहमति

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिकायत मिलने पर बाल विवाह को रोका गया विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम-मोहलाई, तह-बेमेतरा के एक युवक का विवाह सहसपुर लोहारा के एक युवती से बाल विवाह किये जाने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रुकवाया। शिकायत प्राप्त होने पर जिला कार्यकम अधिकारी सह जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के निर्देश पर एंव परियोजना अधिकारी एंव जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर टीम गठित किया जाकर ग्राम मोहलाई में मांडले परिवार के एक बालक का बाल विवाह रुकवाया गया। उक्त युवक की बारात सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम प्रस्थान हो गयी थी। सूचना के पश्चात टीम द्वारा युवक के घर वालों के माध्यम से बारात वापस ग्राम-मोहलाई जिला बेमेतरा बुलवाकर कार्यवाही किया गया। वधु पक्ष को भी दूरभाष के माध्यम से समझाईस दी गई एवं चाइल्ड हेल्पलाईन, जिला बाल संरक्षण इकाई कबीरधाम से समन्वय स्थापित कर उक्ताशय के संबंध में जानकारी दी गई। युवक के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। टीम द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालिका का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया। तथा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति यथाः- बाल विवाह कराने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती, विवाह कराने वाले पुरोहित, बैंड बाजा, हलवाई एवं टैट वालों पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

# राम नवमी पर शोभा यात्रा मे उमड़ा जन सैलाब

### विधायक दीपेश साहू ने प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद, क्षेत्रवाशियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



श्री राम जन्मोत्सव समिति के तथा धार्मिक प्रभु श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 7 बजे माँ भद्रकाली मंदिर प्रांगण से हुआ द्य जिसके लिए पुरे शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया। शोभायात्रा की भव्यता के लिए राम दरबार जश झांकी,जज, धुमाल,डीजे सिस्टम समेत अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। और क्षेत्र व अंचल वाशियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंह, नीतू कोठारी, प्रणेश रजक, विजय सुखवानी, परमेश्वर साहू, अमेरिका निर्मलकर, आदित्य सिंह राजपूत, दिनेश सिंह, सुनील खिल्याणी, हर्ष तिवारी, बसंत राजपूत, सुरेश साहू, नरेश साहू, हरि साहू, राम प्रकाश देवांगन, राजू साहू विकास तंबोली, सोनू राजपूत, कमल चंदेल, लोकेश राजपूत, राजकुमार चौहान,रेवा राम निषाद, राजू देवांगन, मोंटी साहू, निखिल साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, तुषार साहू, राहुल साहू, दीना नाथ साहू, सहित राम भक्त शामिल हुए। इस अवसर पर नगर मे जगज जगह राम भक्तो ने प्रभु श्री राम की आरती उतारकर पूजा अर्चकर कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान बेमेतरा विधायक दीपेश साहू प्रभु श्री राम की भाव भक्ति मे लीन होकर भाजपा पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ और नगर वासियों के साथ जय श्री राम के नारे के साथ झूमते नजर आये। प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर शहर में मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जो नया बस स्टैंड, गश्ती चौक, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक, से होते हुए राम मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन की टीम तैनात रही। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा रामलला के प्रति आपकी आस्था और विश्वास से आज का यह आयोजन भव्य और सफल हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए गौरवशाली भी रहा है कि अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने के बाद यह पहली रामनवमी है और इस सुअवसर पर सूर्य तिलक का अलौकिक अवसर का साक्षी बनने का अवसर हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। पूरा विश्व प्रभु श्रीराम की यह अलौकिक व दिव्य अवसर को देखकर आनंदित है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से फलीभूत हुई है। सूर्यकुल भूषण रामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य 'सूर्य तिलक' अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो भगवान राम के अस्तित्व पर ऊँगली उठाते थे उनके लिए भी यह दिव्य अवसर कभी न भूलने वाला होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्थक प्रयासों और हजारों कार सेवकों के बलिदान से हमें यह शुभ अवसर देखने को मिला है। इस शुभ अवसर पर बेमेतरा में भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई इस दौरान हजारों की संख्या में आए रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। अपने आराध्य श्रीराम के प्रति जन-जन की यह आस्था देखकर अत्यंत ही हर्ष हो रहा है और मैं उन सभी का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई है। बेमेतरा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा हुवे शामिल आदित्य ठाकुर अमरीका निर्मलकर मोंटी साहू विकाश तम्बोलि राजेश शर्मा निखिल साहू राकेश मोहन शर्मा सावित्री रजक प्रमिला साहू प्रमुख से उपस्थित थे।

## महावीर सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

महावीर सेवा समिति दल्लीराजहरा द्वारा 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है । 21 अप्रैल को जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रातः 5:30 बजे प्रभातफेरी निकाली जाएगी , उसके पश्चात सुबह 8 बजे दल्लीराजहरा मे विराजित म.सा. के प्रवचन का लाभ एवं दोपहर को गौतम प्रसादी और उसके पश्चात नवकार जाप रखा गया है। सूर्यास्त पूर्व गौतम प्रसादी रखा गया है तथा रात्रि को भक्ति संध्या का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें परम गुरु भक्त विख्यात गायिका सुश्री वंदना पारख राजनांदगांव द्वारा अपने गीतों के माध्यम से समा बांधेंगे। चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन जैन जगत के लिए बहुत अविस्मरणीय दिवस है 2623 वर्ष पूर्व जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर देव भगवान महावीर स्वामी हुए थे। इस दिवस पर भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा परमो धर्म संदेश और जियो और जीने दो का विश्व संदेश जन-जन तक प्रसारित हो यह हम सभी भक्तों का परम कर्तव्य है 21 अप्रैल को सकल जैन समाज के तत्वाधान मे आयोजक श्री महावीर सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जैन बंधुओं को आमंत्रित करते हुए अनुरोध किये है कि भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव पर आप सभी सपरिवार पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। सभी कार्यक्रमों में उपहार रखे गए हैं जिसमें प्रथम उपहार सोने की चेन 5.5 ग्राम एवं द्वितीय उपहार इलेक्ट्रिक साइकिल, तृतीय उपहार 71 ग्राम चांदी का सिक्का चतुर्थ उपहार 50 ग्राम चांदी का सिक्का रखा गया है। यह जानकारी समिति के सदस्य क्रांति जैन ने दी है।

## चोरी गये एक मोटर सायकल सहित पकड़ा गया आरोपी

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



चोरी किए गए मोटरसाइकिल सहित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस द्वारा जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहर दास चेलक पिता कुंवर सिंह उम्र 50 साल साकिन फरी थाना व जिला बेमेतरा ने 13.04.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 12.04.2024 को रात्रि 09 बजे लगभग वह अपनी मोटर सायकल बजाज प्लेटीना क्रमांक सीजी-25 डी-2036 में शराब भट्टी कोबिया बेमेतरा गया था। शराब भट्टी कोबिया के पास मोटर सायकल को खडी कर शराब खरीद रहा था मोटर सायकल की चाबी गाडी में ही भूल गया था। शराब खरीद कर वापस आकर देखा तो इसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी-25 डी-2036 कीमती करीबन 20,000 रूपये खडी किये हुए जगह पर नहीं था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी चंद्रदेव वर्मा एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा को थाना एवं सायबर स्टाफके साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया । प्रकरण में विवेचना कार्यवाही के दौरान बेमेतरा स्टाफको जरिये मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में टेमरी के पास घुम रहा है कि सूचना पर गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर टेमरी में घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकडा गया। जिससे पुछताछ करने पर अपना नाम मोहम्मद इरफान मेमन पिता स्व. मोहम्मद युनूस मेमन उम्र 30 साल साकिन सिविल लाईन कांजी हाऊस सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार का रहने वाला बताया तथा मोटर सायकल क्रमांक सीजी-25 डी-2036 को देशी शराब भट्टी बेमेतरा से चोरी करना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी मोहम्मद इरफान मेमन पिता स्वं. मोहम्मद युनूस मेमन उम्र 30 साल साकिन सिविल लाईन कांजी हाऊस सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार के कब्जे से मोटर सायकल सीजी-25 डी-2036 कीमती करीबन 20,000/- रूपये को जप्त, बरामद कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, रविन्द्र तिवारी, विनोद पात्रे, आरक्षक देवेन्द्र साहू एवं अन्य थाना /सायबर सेल स्टाफका सराहनीय भुमिका रही।

## भाजपा नेता योगेश तिवारी महाअष्टमी पर्व पर माता देवालयों में दर्शन के लिए पहुंचे



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

महाअष्टमी के पावन पर्व पर भाजपा नेता योगेश तिवारी मां सिद्धि मंदिर ग्राम संडी, मां चंडी मंदिर नेवनारा एवं विधानसभा के अनेक गावों में ज्योत ज्वारा की दर्शन कर समस्त छत्तीसगढ़ प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि माता के दरबार में सच्चे मन से पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है। बेमेतरा जिले में सिद्धि माता, बुचीपुर, माता भद्रकाली मंदिर, माता शीतला मंदिर, चंडी मंदिर नेवनारा समेत अन्य माता देवालयों में दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। धीरे-धीरे बेमेतरा जिला धर्मस्थली के रूप में विकसित हो रहा है। इस दौरान अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, अरुण साहू, नरेश राय, यशवंत टंडन, मनोज बंजारे आदि उपस्थित थे।

## पुलिस चौकी देवरबीजा में कोटवारों को चुनाव संबंधित दिया प्रशिक्षण



**बेमेतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डी.एल. सोना एवं स्टाफ के द्वारा चौकी देवरबीजा क्षेत्र के ग्राम कोटवारो का बैठक लेकर आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण व आवश्यक जानकारी एवं चुनाव के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरतापूर्वक करने तथा आर्दश आचार सहिंता के नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# लोग अपने घरो में रहने को मजबूर, तपती दुपहरी से सड़के विरान और सुनसान नजर आने लगी

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com





अमूमन गर्मी के शुरूवाती में ही लोग अपने घरो में रहने को मजबूर होने लगे है। तपती दुपहरी से सडके विरान और सुनसान नजर आने लगी है। भीष्ण गर्मा को देखते हुए शादियों के सामान की खरीददारी करने वाले शाम से देर रात तक बाजारो का रूख कर रहे है। गौरतलब हो कि अप्रैल के तीसरे सप्ताह में पडने वाली भीष्ण गर्मी का असर इस कदर बडने लगा है कि जब तक कोई विशेष काम न हो लोग अपने धरो, दफतरो, दुकानो में लगे कुलर पंखो के समाने बैठे नजर आते है।

**चढते पारे ने बढाई चुभन** - बादलो की आख मिचैली के चलते चुभन वाली गर्मी ने लोगा का जीवन कष्टमय बना दिया है सुबह से तेज धूप और शाम होते होते होते छाने वाली बदली के चलते उमष भरी गर्मी से अभी कुछ दिनो तक राहत मिलने के आसार नजर नही आ रहे है। हवा बंद रहने और आसमान साफहोने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की-हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग गर्मी से राहत दिलाने वाले उपकरण खरीद रहे हैं। मौसम के बदलने से अस्पतालों तथा निजी डाक्टरो के पास मरीजों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। फलो में भी इन दिनों रंगों की मिलावट खेल चल रहा है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। सूर्य की तपिश बेहाल करने लगी है। सूर्य की तपन से लोग बचने के लिये तरह-तरह के जतन कर रहे है। शीतलता देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ी है।

**फलो की मांग बडी** - बाजार में बिकने वाला फ्ल आपका जायका बनाने के साथ बीमार भी कर सकता है, क्योंकि बाजार में इन दिनों कार्बाइड से पकाए हुए आम और केला बिक रहे हैं। गर्मी में गला तर करने के लिए लोग तरबूज को देखकर बरबस ही आकर्षित हो रहें है। तरबूज में भी इन दिनों रंगों की मिलावट खेल चल रहा है। डक्टरों के मुताबिक अप्राकृतिक तरीके से पकाए फलों और रंगों का उपयोग शरीर के लिए फायदे की जगह नुकसानदायक हो सकता है। फल सब्जियों की खरीदारी करने के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी हैं। लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से ना ही इनकी जांच की जा रही है ओर न ही इन पर कोई कार्रवाई की जा रही है।

**सडक किनारे सजने लगी मटकियां** - जैसे जैसे गर्मी बढ़ते जा रहा है। देशी फ्रिज कहे जाने वाली मिट्टी का घड़ा घर-घर पहुंचने लगी है। इस बार सूर्य का रौद्र रूप मार्च माह में प्रारंभ हो गया। जिसके चलते गर्मी बढ़ने से घड़े की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। मटके के व्यापार से जुड़े कुम्भकारों ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष घड़े की किमतो में दस प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घड़े का उपयोग करते है। सामान्यतरू अक्ती के समय से लोग घड़े का पानी पीते है। लेकिन इस बार गर्मी मे अप्रैल से घड़े बिकने लगे है। दुकानदारों ने बताया की मटका का मुख्य रूप से बड़ा बाजार में बिक्री होती है। मटके की मांग को देखते हुए बड़ा बाजार, कुम्हार पारा, पड़ाव चैक, खर्रीपारा सहित जगह-जगह मटका बेचने वाले दुकान खोलकर बैठे रहते है। गर्मी में ठण्डा पानी के लिए घड़े बनाने का काम जनवरी माह से शुरू हो जाता है। ग्रामीणो के बीच आज भी मांग ज्यादा है। फ्रीज होने के बाद भी देशी मटके की मांग में कमी नही आई है।

आज भी मिट्टी के बर्तन जिनमें घड़े, गमले सहित कई पात्र उपयोग करते है। पैतृक व्यवसाय से अपना जीवन यापन करने वाले कुम्हारों की आमदनी एक मात्र जरिया है।

# सेक्टर और पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर करें कार्य: अपर कलेक्टर

## स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए आज सेक्टर और पुलिस अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कहा कि सभी सेक्टर और पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगे। प्रशिक्षण में मतदान की प्रक्रियाओं को सभी अधिकारी बारीकी से समझें और मतदान दिवस को निर्वाचन आयोग के नियम का पालन करते हुए मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन के तहत 07 मई को सभी मतदान केन्द्रों में मतदान समय पर प्रारंभ हो जाए। उन्होंने कानून व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी रूट चार्ट के अनुसार अपने-अपने सेक्टर में आने वाली मतदान केंद्रों का दौरा करें और जो भी कमी हो उससे अवगत कराते हुए दुरुस्त कराएं। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन मतदाता 12 प्रकार के पहचान पत्र का मतदान के लिए उपयोग कर सकते हैं, इसके बारे में मतदाताओं को जानकारी अवश्य दें। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस को प्रत्येक मतदान केन्द्रों से दो-दो घंटे में रिपोर्ट देना सुनिश्चित करेंगे। एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल ने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी सेक्टर अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए मतदान नियमानुसार कराएंगे। साथ ही मतदान केंद्रों में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी प्रयास करेंगे। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर मोहन उपाध्याय ने बताया कि सभी सेक्टर अधिकारियों को समय पर मॉक पोलिंग सुनिश्चित कराना है। मॉक पोलिंग के दौरान मशीन आवश्यकता अनुसार बदलेंगे। पीठासीन अधिकारी सीआरसी अवश्य करें, अंतिम मतदाता के मतदान करने के बाद क्लोज बटन दबाना, वीवीपेट से पावर बैकअप निकालना, इसका ध्यान रखेंगे। प्रशिक्षण में बीयू, सीयू, वीवीपेट का संचालन कैसे करें, उसके बारे में जानकारी दी गई। कर्तव्य निर्वाचन प्रमाण पत्र से मतदान के बारे में बताया गया। साथ ही सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों का रूट चार्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी करने घर में घुसे दो चोर पकड़ाये पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



घर में चोरी करके भाग रहे दो चोरों को मकान मालिक के द्वारा मोहल्लेवासियों की मदद से पकडकर पुलिस के हवाले करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली में अजय यादव (35 साल) निवासी राजापारा बाघतालाब के पास रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि घर के दरवाजे के सिटकीनी को बंद कर श्रीरामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने गया था, रात्रि करीब 01.20 बजे वापस घर आने पर देखा कि एक युवक घर के बेडरूम में घुसकर अलमारी को खोलकर समान को इधर उधर कर बिखेर रहा था, जिसे पकड़कर चोर-चोर चिल्लाया तो उसका एक और साथी घर के दूसरे रूम से बाहर निकलकर भागने लगा, तब तक घर और आसपास के लोग जाग गये और दूसरे चोर को भी पकड़े जिनसे नाम पता पूछने पर एक युवक अपना नाम आकाश यादव और दूसरे ने अपना नाम विशाल यादव दोनों निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चैंक के पास रायगढ़ के रहने वाले बताया। घटना को लेकर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 511, 34 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर दोनों आरोपी आकाश यादव पिता भुजबल यादव 19 साल, विशाल यादव उर्फ लादेन पिता बाबूलाल यादव उर्फ बब्बू उर्फ बब्लू यादव निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चौक थाना कोतवाली रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दोनों आरोपी आदतन चोर है, इन्हें पूर्व में भी कोतवाली चोरी के अपराध में चालान की है।

# शातिर चोर गिरफ्तार, पुलिस ने कार्रवाई कर भेजा जेल

## आदतन आरोपी पर चोरी के दर्जनों मामले दर्ज

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शहर के जूटमिल क्षेत्र में 17 मार्च की रात एक घर में चोरी करने के नियत से घुसे चोर को घरवालों ने चोरी करते भागते समय रंगे हाथ पकड़कर पुलिस के वाले किया है। आरोपी चोर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ थाने में दर्जनों मामले दर्ज हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल की रात ग्राम आमापाली डीपापारा के दीपक बरेठ के मकान में रात्रि करिबन 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति घुस कर घर में रखे पेटी उठाकर भागा। दीपक और गांव के लोगों ने दौड़ाकर चोर को पकड़े और डॉयल 112 को सूचना दिये। चोरी करते पकड़ा गया आरोपी मनीष महंत निवासी जेलपारा रायगढ़ को डॉयल 112 द्वारा थाना लाया गया। दीपक बरेठ की रिपोर्ट पर आरोपी मनीष दास महंत पिता पूरन दास महंत उम्र 21 साल निवासी जेलपारा थाना जूटमिल रायगढ़ के विरूद्ध धारा 457, 380 आईपीसी दर्ज किया गया। आरोपी से पेटी समेत चुराए 1500 रूपये की जप्ती कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल दाखिल किया गया है। प्रार्थी दीपक बरेठ ने बताया कि आरोपी मनीष महंत घर के पास खड़ी मोटर सायकल चोरी की फिराक में था जिनसे घर अंदर से पेटी को चुरा कर भागा। आरोपी मनीष दास महंत आदतन चोर है, आरोपी को पूर्व में थाना कोतवाली ने 02 चोरी, 01 मारपीट, थाना जूटमिल ने 01 चोरी तथा थाना चक्रधरनगर ने चोरी नकबजनी क 09 मामले और 01 मारपीट के अपराध में आरोपी को चालान किया गया है।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आयुष विभाग द्वारा जिला कलेक्टोरेट परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित योग की विभिन्न विधाओं, आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने एक साथ योग कर स्वस्थ तन एवं मन के साथ शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि 07 मई को लोग अपने घरों से निकलें और ''शत-प्रतिशत मतदान, मुंगेली जिले का अभिमान'' के इस मुहिम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के सभी कार्यक्रमों में लोग पूरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और हमारे शत-प्रतिशत मतदान का यह संकल्प जन-जन तक पहुंच रहा हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने के लिए शपथदिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# जीवन के लिए रक्तदान, लोकतंत्र के लिए मतदान महत्वपूर्णः कलेक्टर

- कलेक्टर ने स्वयं रक्तदान कर दिया संदेश, रक्तदाताओं का किया गया सम्मान, दिलाई गई शपथ

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्रार्थना सभाकक्ष में ''रक्तदानमहादान-मतदान महादान'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को रक्तदान और मतदान के लिए प्रेरित किया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एडीएन बाजपेई द्वारा शिविर में मौजूद सभी लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और स्वीप के नोडल अधिकारी आर पी चौहान सहित शिविर में सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। कलेक्टर ने कहा कि जीवन के लिए रक्तदान और लोकतंत्र के लिए मतदान बेहद महत्वपूर्ण है। शिविर में मौजूद लोगों को कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से जीवनदान मिलता है, उसी तरह मतदान से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे एक-एक वोट के महत्व को स्वयं समझें और दूसरों को भी मतदान का महत्व समझाएं। कलेक्टर ने 7 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में इसी प्रकार बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल कर हमें बिलासपुर का अभिमान बढ़ाना है।

# स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही, माता को दिए जाने वाला आयरन सिरप झाड़ियां में



पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग से माता को दिये जाने वाला आयरन सिरप भारी मात्रा में झाड़ियां में पाया गया । यह घटना जैजैपुर एवं ओड़ेकेरा के बीच में पुल के पास भुवनेश्वर चंद्रा के भूमि में फेंका हुआ मिला इनकी जानकारी मैं मिडिया कौ बताया कि मैं अपने भूमि की साफ सफाई कर रहा था जिसमें दो कार्टून आयरन की सिरप दिखाई दिया जिनकी एक्सपायरी डेट जुलाई 2025 लिखा हुआ है जो की 400 नग यानी की दो डब्बा में पाया गया यहां पर स्वास्थ्य केंद्र में यह सिरप जो मरीज को दिया जाना चाहिए ,लेकिन मरीज को ना मिलकर झाड़ियो में थोक के भाव से मिला स्वास्थ्य विभाग की भारी लापरवाही देखने को मिली। इस तरह से देखा जाए तो स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाला सिरप मरीज को ना मिलकर झाड़ियां में फेंका हुआ मिला आप सोच सकते हैं कि यह शासन की सिरप शासकीय कर्मचारी कितने लापरवाह होंगे जो की इस आयरन की सिरप महिलाओं के लिए कारगर ताकत वर्धन सिरप के नाम से जाना जाता है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रभा बंजारे ने कहा कि उनकी शिकायत आप लिखित में दे दीजिए उनकी जांच कराई जाएगी ।

**ब्लाक मेडिकल ऑफिसर शशि प्रभा बंजारे जैजैपुर**

मेरे भूमि में साफ सफाई करते हुए 400 नग का सिरप मिला है यह शासकीय सिरप स्वास्थ्य विभाग का है ।।

**ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्रा जैजैपुर**

# वेल विशर फाउंडेशन ने पशु पक्षियों के लिए पेयजल हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

## जागरूकता के लिए बांटी गई मिट्टी की कटोरी



पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

वेल विशर फाउंडेशन समाजिक संस्था द्वारा गर्मी को देखते हुए पशु पक्षियों के लिए पेय जल हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया है।संस्था के रंजना सिंह , सतीश मानिकपुरी, प्रशान्त कोटनगले व समाजसेवी पारस साहू के जन्मदिन पर जागरूकता हेतु मिट्टी के कटोरी बांटी गई। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि हमारे संस्था द्वारा हर साल यह मुहिम चलाया जाता है। गर्मी के दिनों में समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा मुनष्यों के लिए जगह जगह पर प्याऊ खोला जाता है ताकि वे अपनी प्यास बुझा सके। परन्तु पशु पक्षियों द्वारा किसी भी प्रकार के लिए खुश व्यवस्था नही की जाती। इसी को ध्यान रखते हुये संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष मिट्टी की कटोरी बंटी गई साथ ही लोगों से अपील की गई कि गर्मी लगातार बढ़ रही है आप सभी अपने अपने छत बाल्कनी में इस प्रकार के पात्र रख कर उनके पानी की व्यवस्था हो सके। संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को एक मिट्टी के कटोरी देकर उनसे अपने अपने घरों में पानी रखने की सहमति ली गई। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अविनाश सिंह,सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह, सदस्य गौतम साहू, सतीश मणिपुरी, मोहन सिंह कश्यप, शरद सिंह, सौरभ सिंह, प्रशांत कोटनगले व समाजसेवी पारस साहू उपस्थित थे।

## शोभायात्रा में लगभग 10 हजार श्रीराम भक्त हुए शामिल, श्रीराम जी के आकर्षक झांकी के साथ नर्तक दलों ने बांधा समा

# रामनवमीं के शुभ अवसर पर चांपा नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com





एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम के उद्घोष से चांपा की गलियां बुधवार को गूंज उठी। अवसर था रामनवमीं शोभायात्रा का। इस दौरान शहर में निकली शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए युवा,महिला व बच्चे,भगवान श्रीराम के जयकारे लगा रहे थे। वही शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। श्रीरामनवमीं महोत्सव आयोजन समिति चांपा की ओर से उक्त शोभायात्रा का आयोजन हुआ।बता दें कि श्रीरामनवमीं महोत्सव आयोजन समिति द्वारा विगत एक माह से विभिन्न बैठकों में इस आयोजन को भव्य बनाने को लेकर रूपरेखा तैयार की गई थी। वहीं भक्तजनों द्वारा श्रीराम पताका ध्वज लेकर नगर के रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से शाम 6 बजे शोभायात्रा निकाली जो मुख्य मार्ग से बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक,सुभाष चौक, राधाकृष्ण मंदिर, सदर बाजार,कदम चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल परशुराम चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुँची। वहाँ श्रीराम जी की महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम स्थल में नगर के गीतकारों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया।पूरा चांपा नगर ध्वज से सजा हुआ एवं सबसे आग्रह किया गया था कि अपने घर एवं दुकान के आगे रंगोली सजाकर दीप प्रज्वलन करें।

रामनवमीं पर्व को भव्य बनाने में नगरवासियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। श्रीराम जन्ममहोत्सव नगर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। शोभायात्रा में नगर एवं आसपास के ग्राम के महिला, पुरुष, बालवृंद पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण कर्मा नृत्य रहा, जिसमें 35 पुरुषों का समूह था। इसके साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामदरबार के भव्य रथ को घोड़े द्वारा खींचा जा रहा था।शोभायात्रा में मेरठ से विशेष झांकी आई हुई थी जिसमे बाहुबली हनुमान जी, बाहुबली महादेव एवं माँ काली शामिल थी। इस पूरे आयोजन को लेकर जहां नगर को भव्य रूप से सजाया गया था तो वही विभिन्न समाज के लोगों एवं समाजसेवी संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तजनों के लिए जगह-जगह शीतल पेयजल, बिस्कुट, कोल्डड्रिंक की व्यवस्था भी की गई थी।

**रामनवमी पर दिखी हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल** - रामनवमी पर चांपा नगर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करने वाली तस्वीर सामने आई है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। जिसे देखकर लोग जमकर तारीफकर रहे हैं। दरअसल, देश में रामनवमी के मौके पर जगह जगह शोभायात्रा निकाली गई।इस दौरान चांपा में भी रामनवमी पर नगर के रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर भ्रमण के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा पर फूलों की बारिश की साथ ही शोभायात्रा में शामिल लोगों को फल और पानी वितरण किया। श्रीराम शोभायात्रा का स्वागत करने वाले मो. इब्राहिम मेमन ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा बना रहे, यही हमारे देश हिंदुस्तान की पहचान और तहज़ीब है।उन्होंने कहा कि हम सब धर्मों के लोगों को एक दूसरे के त्योहारों पर इकट्ठा होकर बधाइयां देनी चाहिए और मिल कर पर्व मनाना चाहिए।



# कांग्रेस पार्टी डूबता हुआ जहाज, हार के डर से अनर्गल बयानबाजी : बृजमोहन अग्रवाल

## लोकसभा चुनाव मे बीजेपी प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों से होंगे विजयी



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

गोविंद सारंग भवन बीजेपी कार्यालय मे शुक्रवार को रायपुर लोकसभा प्रत्याशी एवं बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के उपस्थिति मे प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। जिसमें पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुये बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे 400 से अधिक सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने पत्रकारों के सवालों के जवाब मे कहा की जिस क्षेत्र मे भी चुनाव प्रचार प्रसार के लिये मतदाताओं के बीच पहुंच रहे है वहां की 80 प्रतिशत मतदाताओं का मोदी सरकार के द्वारा चलाये गये अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले अनेक लाभ से सकरात्मक रुझान जनता के बीच देखने को मिल रहा है, उन्होंने मोदी की गारिन्टी योजना के अनेक लाभों की भी गिनाया जिसमे मुख्य रुप से धारा 370 का हटना, आयोध्या मे रामलला का स्थापना, महत्तारी वंदन योजना, आवास योजना, नल जल योजना, उज्जवला गैस योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना आदि अनेक की गारिन्टी योजना क्रियान्वित जिसका लाभ आम जनता को भरपूर मिला है व आने वाले समय मे बीजेपी के नरेन्द्र मोदी सरकार आती है तो और अनेक ऐतिहासिक कार्य जनता व देश हित मे बीजेपी मोदी सरकार दृढसंकल्पित है।

### कांग्रेसी अनर्गल बयानबाजी पर उतरे

वहीं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की कांग्रेसी सत्ता के हार के डर से अनर्गल बयानबाजी पर उतर आये है जो राजनीतिक गरिमा के मर्यादा को लांघती है जिससे जनता मे बहुत गुस्सा है।

### कांग्रेस डूबता हुआ जहाज

वर्तमान राजनीतिक परिवेश मे कांग्रेस एक डूबता जहाज दिखाई दे रही है जिस वजह से वहां भगदड़ मचा हुआ है और इसी कारण उसी जहाज मे बैठे लोग कांग्रेस पार्टी को छोड सीधे बीजेपी मे प्रवेश कर रहे है।

### 2024 के रायपुर लोकसभा मे 23 साल का रिकार्ड टुटेगा

लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा रायपुर लोकसभा बीजेपी का गढ है यहां पर लगातार 8 बार से बीजेपी का प्रत्याशी ही विजय होते आया है परंतु बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी के विजयी होने के साथ साथ पिछले 23 सालों के मतों के जीत के रिकार्ड को तोडते हुये रायपुर लोकसभा वासी ऐतिहासिक जनमत देकर जीत का जनादेश देंगे इसका मुझे पूर्ण विश्वास है।

### भाटापारा मे विकास कार्य बीजेपी का ही देन : शिवरतन शर्मा

गौरतलब है भाटापारा के पावन धरा मे कदम रखने पर भाटापारा क्षेत्रवासियों के लिये जीतकर आने पर दिये जाने वाले सौगातों की रणनीति के सवालों के जवाब मे कहा गया की भाटापारा मे जितने भी ऐतिहासिक जनकल्याणकारी कार्य हुये। वहां बीजेपी के सरकार सत्र मे ही हुआ भाटापारा शाखा नहर, ला कालेज सत्र न्यायालय निर्माण, बायपास रोड निर्माण, औवर ब्रीज व अन्डर ब्रीज निर्माण निर्माणाधीन कार्टिकल हास्पिटल, आटोरियम आदि अनेक जनकल्याणकारी कार्य है जो बीजेपी सरकार है शासनकाल मे हुआ है आने वाले समय मे डबल इंजन के सरकार होने पर केन्द्र व राज्य स्तर पर भाटापारा व रायपुर लोकसभा क्षेत्रांतर्गत विकास कराया जाना निर्धारित है। साथ ही भाटापारा मे लम्बे समय से लम्बित प्रमुख एक्सप्रेस सुपरफास्ट यात्री ट्रेनों के स्टापेज के लिये पहल किया जायेगा वही बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा क्षेत्र के विकास के दृष्टिकोण से हमे डबल इंजन की सरकार बैठाने हेतु बीजेपी के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से विजय बनाने हेतु पार्टी के सभी कार्यकर्ता दृढ़संकल्पित है।

# श्री राम जी का जीवन स्वयं में एक दिव्य संदेश है : शिवरतन शर्मा



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर में नवमी का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। सनातनी धर्म सेना द्वारा आयोजित राम नवमी की शोभायात्रा कार्यक्रम में भी शामिल हुए। शिवरतन शर्मा ने नगर भ्रमण कर महारानी चौक शोभायात्रा पहुँचने पर प्रभु राम जी की पूजा अर्चना कर उपस्थित राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायप्रियता और सत्य के मार्ग पर चलने वाले हम सबके आराध्य भगवान श्री राम जी का जीवन स्वयं में एक दिव्य संदेश है जिससे हमें समर्पण एवं श्रद्धा के साथ मानवता की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। भेदभाव रहित, सबको न्याय-सबको सम्मान के जिस भाव के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार 'राम राज्य' की परिकल्पना को साकार कर रही हैं, उससे सबको जोड़ने का कार्य किया जाएगा। सनातन जगत की सकल आस्था के केंद्र व भारत की अटूट श्रद्धा के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की कृपा से हम सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख, शांति का वास हो। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारा जन्म प्रभु श्री राम के ननिहाल, छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर हुआ है और आज का अवसर इसलिए भी खास है क्योंकि करीब 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु अपने घर वापस आए है। इसलिए इस साल रामनवमी का पर्व अपने आप में अनूठा है। भगवान से कामना है कि छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन में खुशहाली लाएं। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी, धार्मिक संगठन के लोग उपस्थित थे।

# साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप में आदित्य बतौर निर्णायक होंगे शामिल



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

कोच्चि केरल में 19 से 21 अप्रेल तंक आयोजित होने वाली साउथ एशियन कुराश चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के स्टार 1 अंतराष्ट्रीय निर्णायक आदित्य सिंह को स्पर्धा में निर्णायक की अहम भूमिका निभाने के लिए अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ तकनिकी निर्देशक रवि कपूर द्वारा नियुक्त किया गया है, अदित्य सिंह पूर्व में कई अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में बतौर कोच एवं मैनेजर की भूमिका निभा चुके है, इनकी नियुक्ति पर अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ रवि कपूर, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, भारतीय कुराश महासंघ अध्यक्ष राजन वर्गीस, भारतीय कुराश महासंघ महासचिव विक्रांत कश्यप, भारतीय कुराश महासंघ तकनीकी कमीशन सदस्य सोमबीर सिंह, राकेश सोलंकी छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सदस्य आशीष यादव, वर्षा मिरी, ओमप्रकाश मिश्रा, सुकलाल यदु, गोपी देवांगन, जितन्द्र नामदेव, सरस्वती यादव, गौतम मिरी, रोशनी साहू ने शुभकामनाये देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्वीप अभियान में निगम जोन 8 अधिकारियों ने सामाजिक संगठन स्टे विथ मी, एनयूएलएम सहित क्षेत्र में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

### एआईजी संजय शर्मा ने दिलवाई शपथ, नुक्कड़ नाटक से लाई जागरूकता

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह और रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन निरन्तरता से चलाया जा रहा है। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत कोटा जगन्नाथ नगर बस्ती, अशोक नगर, हीरापुर बाजार, रायपुरा महादेवघाट, सरोना बाजार, टाटीबंध गुरुद्वारा के समीप के रहवासी क्षेत्र में एआईजी संजय शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों सहित एनयूएलएम के तहत महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं, नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के मतदाता रहवासियों को 7 मई 2024 को रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ दिलवाई गयी। शत-प्रतिशत मतदान की सामूहिक शपथ सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं, नगर निगम जोन क्रमांक 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ाी ईश्वर लाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज सहित जोन अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित रायपुरा महादेवघाट, सरोना, कोटा जगन्नाथ नगर बस्ती, हीरापुर बाजार, अशोक नगर, टाटीबंध गुरुद्वारा के आसपास के क्षेत्र के रहवासी मतदाताओं को एआईजी संजय शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत दिलवाई गयी। इसके साथ ही सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के कार्यकर्त्ताओं, एनयूएलएम के तहत महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं, नगर निगम जोन नम्बर 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदाता रहवासियों के साथ हीरापुर बाजार, सरोना, रायपुरा महादेवघाट, कोटा जगन्नाथ नगर बस्ती, अशोक नगर, टाटीबंध गुरुद्वारा के आसपास के आवासीय में शत-प्रतिशत मतदान के सम्बन्ध में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जागरूक बनाया गया। स्वीप अभियान के तहत उक्त विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में रहवासी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के सम्बन्ध में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से जागरूक बनाया गया।

# पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ पर की गई बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने तथा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाडियो पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण, निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी भाटापारा शहर एवं निरीक्षक गोपाल ध्रुवे थाना प्रभारी सिमगा के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर चोरी का समान लेने वाले कबाडियो पर निगाह रखी जा रही थी। इसी क्रम में भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कबाडी दुकानों पर आकस्मिक दबिश देकर चेकिंग एवं जांच तस्दीक अभियान चलाया गया। इस दौरान कबाडी दुकानों में चोरी का माल खरीदने एवं बिक्री किए जाने की आशंका पर पूछताछ करते हुए चेकिंग अभियान संपादित किया गया। संपूर्ण चेकिंग अभियान में 07 कबाडी संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 3,45,100 का कबाड़ सामान जप्त किया गया है। कि सभी 07 आरोपी कबाडी संचालकों के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा में धारा 41(1+4) एवं 379 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया जा रहा है।

# सैमसंग ने भारत में एआई टीवी के नए युग की घोषणा की




### शक्तिशाली एआई फीचर्स के साथ नियो क्यूएलईडी 8के नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी लॉन्च किए

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने बेंगलुरु के सैमसंग ओपेरा हाउस में आयोजित 'अनबॉक्स एंड डिस्कवर' इवेंट में अपने अल्ट्रा-प्रीमियम नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी के लॉन्च के साथ एआई टीवी के एक नए युग की घोषणा की है। नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी की 2024 सीरीज पावरफुल, एआई-आधारित सोल्यूशन के साथ आपके घरेलू मनोरंजन को और बेहतर बनाएगी। इस मौके पर सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा सैमसंग उपभोक्ताओं की जीवनशैली को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रोडक्ट्स में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की नई क्रांतिकारी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि हमने अपने उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए घरेलू मनोरंजन में एआई को जोड़ा है। नियो क्यूएलईडी 8के, नियो क्यूएलईडी 4के और ओएलईडी टीवी की हमारी 2024 रेंज घरेलू मनोरंजन को नई पहचान देती है। इसके अलावा ये रेंज ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की ताकत का इस्तेमाल करते हुए इस्तेमाल में आसानी, मजबूती और सुरक्षा के नए मानक स्थापित करती है। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा टेलीविज़न आधुनिक जीवन के केंद्रबिंदु के रूप में उभरे हैं। ये टेक्नोलॉजी और जीवनशैली को सहजता से एक दूसरे के साथ जोड़ रहे हैं। भारत में बड़ी स्क्रीन साइज की बढ़ती मांग उपभोक्ताओं की प्रीमियम टीवी के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। हम ऐसे एआई टीवी लॉन्च कर रहे हैं जिन्हें ऑडियो और विजुअल के नए मानक स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई के पावर से चलने वाले 8के नियो क्यूएलईडी, 4के नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी की हमारी नई रेंज के लॉन्च के साथ हमें विश्वास है कि भारत के बाजार में हमारी लीडरशिप पोजीशन और मजबूत होगी।

# भाटापारा रामलीला नन्हे कलाकारों द्वारा हनुमान चालीसा का सौवां पाठ, बच्चो के धर्मकार्य को लोगो ने सराहा



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा की ऐतिहासिक 105 वर्ष प्राचीन आदर्श रामलीला नाटक मंडली स्थापित सन 1920 के नन्हे कलाकारों के द्वारा अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ते हुए ऐतिहासिक रूप से आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति का निर्माण कर प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का 11 पाठ बच्चो के द्वारा किया जा रहा था जिसका आरंभ 6 मई 2023 से हुआ था, समिति ने 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को 100 वां पाठ पूर्ण किया। जिसके उपलक्ष्य में रामलीला कार्यालय में पंचमुखी सुंदरकांड पाठ समिति के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। 100 वां हनुमान चालीसा पाठ एवँ सुंदरकांड पाठ में भाटापारा नगर के युवा, वरिष्ठ एवं सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने एवं वरिष्ठ जनो की तरफसे देवेंद्र बाबू भृगु ने नन्हे बच्चो को देखकर आश्चर्य माना कि जिनको अपने स्कूल की हिंदी किताबो को पढ़ने में असुविधा होती है वे 8-9 वर्ष के उम्र के बच्चे रामलीला के कार्यालय में हनुमान चालीसा का फर्राटे से पाठ कर रहे है। वहीं इतना लंबा समय तय कर हनुमान चालीसा का 100 पाठ तक छोटे बच्चे जो भाटापारा के इस ऐतिहासिक रामलीला के कलाकार भी है उन्होंने सम्पन्न किया। सभी बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नित्य इसी तरह भगवान के कार्य मे लगे रहने की प्रेरणा दी। वही उपस्थित सभी लोगो से इन नन्हे बच्चो से प्रेरणा लेकर अपने आसपास एवँ परिवारजनों के बच्चो में जागरूकता फैलाते हुये अपने समाज, धर्म, संस्कृति से जुड़कर अपने रामायण, मानस, पुराण में मर्यादा को सुशोभित करने वाले चरित्रों को सार्थक करने एवं परिचित होने व करने की बात कही। वही उपस्थित जनों ने आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति के नन्हे व बड़े सदस्य श्याम मल, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा, जय मल, निलेश मल, अभी अग्रवाल, अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, धर्मपाल सोनी, आदित्य सोनी, नमन मल, कार्तिकेय पांडे, वैभव तिवारी, प्रहस्त सिंह सेंगर, लक्ष्य चौरसिया, आयुष तिवारी, शौर्य मिश्रा, सुयश शर्मा, मुकुल शर्मा, अभिनव मिश्रा, राघव नथानी, सुयश नथानी, केशव लाहोटी, सागर जयसवाल, हर्ष गुप्ता,अग्रंश शर्मा, अद्यांश मिश्रा सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके कार्यो को सराहा। कार्यक्रम में आदर्श रामलीला समिति के बाबू शुक्ला, हेमंत मल, बजरंग चौरसिया, शिव गुप्ता, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, प्रकाश शर्मा, देवनारायण शर्मा, रामजी जोशी, मोनू मल, कोमल शर्मा भी उपस्थित रहे। अंत मे रामलीला के सचिव कोमल शर्मा द्वारा बताया गया कि पढ़ने वाले बच्चो में अपने पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष परीक्षा परिणामो में कुछ प्रतिभाशाली कलाकार छात्रों को नगद पुरुस्कार राशि से पुरुस्कृत एवं सम्मानित किसी गुप्त रामभक्त के द्वारा किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में नि:शुल्क समर कैम्प का आयोजन 1 मई से

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शान्ति भवन चौबे कालोनी रायपुर में 1 मई से एवं शान्ति सरोवर सड्डू में 2 मई से 12 मई तक समर कैम्प आयोजित किया जाएगा। प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। शिविर का समय सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। समर कैम्प का शुभारम्भ आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी संयुक्त रूप से करेंगी। इस बाल व्यक्तित्व विकास शिविर में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। शिविर के लिए पंजीयन फार्म चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में निःशुल्क उपलब्ध है। इसके अलावा दूरभाष क्रमांक - 2253253, 2254254 पर टेलीफोन के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। समर कैम्प में बच्चों को राजयोग मेडिटेशन के साथ-साथ मेमोरी मैनेजमेन्ट, टाईम मैनेजमेन्ट, व्यक्तित्व विकास का आधार दिव्य गुण, जीवन मूल्य, राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि, आत्म विश्वास कैसे बढ़ाएँ? आदर्श दिनचर्या, ए टी एम ऑफ सक्सेस आदि विषयों पर अनुभवी वक्ताओं के रूचिकर व्याख्यान होंगे। समर कैम्प के दौरान फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता, पेन्टिंग स्पर्धा, त्वरित वक्तव्य स्पर्धा एवं अन्य मनोरंजक खेल आयोजित किए जाएंगे। कैम्प का समापन रविवार 12 मई को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रथम तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# व्यापारियों को सुरक्षित माहौल दे रही मोदी सरकार : विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल

## पिथौरा में आयोजित आंचलिक व्यवसायी सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा नेता

पायनियर संवाददाता बसना
www.dailypioneer.com



पिथौरा के अग्रसेन भवन में आयोजित भाजपा आंचलिक व्यवसायी सम्मेलन को विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग ही राष्ट्र के लिए सर्वस्व समर्पित करता है। व्यापारी अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करते हैं। इसलिए वह देश की रीढ़ होते हैं। जब-जब राष्ट्र के ऊपर संकट आता है, यही व्यापारिक वर्ग आगे बढ़कर राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाते आए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सभी प्रतिष्ठानें बंद हो गए थे, लेकिन व्यापारियों ने देशवासियों की सहायता की। जैसे व्यापारी देश का आर्थिक रक्षण करते हैं वैसे ही भाजपा सरकार उनके लिए सुरक्षित माहौल मुहैया करा रही है। प्रत्येक देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों की बड़ी भूमिका होती है। पीएम मोदी के ही नेतृत्व में अर्थव्यवस्था इतनी सुदृढ़ हुई है। संकट के समय में व्यापारिक वर्ग ही सदैव चिंतन करता है तथा विपरीत परिस्थितियों में लाखों नौजवानों को रोजगार भी मुहैया कराता है। मोदी सरकार व्यापारियों के हित में लगातार कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में व्यापार को सुगम और सरल बनाने के लिए लगातार ठोस नीतियां लागू की हैं। व्यापारियों की सुविधा के लिए सरकार लगातार प्रयास में जुटी हुई है। वर्तमान में देश का मान सम्मान वैश्विक पटल पर स्थापित है और पूरी दुनिया देश का लोहा मान रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, बल्कि निरंतर बढ़ती अर्थव्यवस्था भी है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत में व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा। व्यापारी, उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, केवल भाजपा ही ऐसे पार्टी है जो व्यपारी वर्ग के बारे में भी सोचती है। मोदी जी ने अपने कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के उत्थान एवं संवर्द्धन के लिए अनेकों योजनाएं देश को दी हैं। ऐसी योजनाएं जिनके द्वारा आज देश के गरीब से गरीब व्यक्ति रोटी, कपड़ा और मकान की सुविधा आसानी से प्राप्त हो रही है। उन्होंने आगे क्षेत्र की विकास तथा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा के कमल फूल छाप पर मतदान कर लोकसभा प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी को प्रचंड मतों से जीत दिलाने की अपील करते मोदी सरकार की गारंटी एवं सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और विष्णु देव साय सरकार की सुशासन को विस्तार से बताये। सम्मेलन में सांसद चुन्नीलाल साहू, विधानसभा प्रभारी अमरजीत सिंह छाबड़ा, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, मण्डल अध्यक्ष नरेश सिंघल, मण्डल महामंत्री आशीष शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि रविन्दर सिंह आजमानी, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष अमित अग्रवाल, कपड़ा व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गोयल, सेलुन संघ अध्यक्ष विजय सेन, मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज बंसल, नेता रैदास गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष अनुप अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, यशवंत सिंह छाबड़ा, किरण अग्रवाल, सीताराम सिन्हा, सुमित अग्रवाल, संजय गोयल, शिव पटेल, संजय गर्ग, जसवीर आजमानी, आनंद अग्रवाल, अमित बंसल, कैलाश अग्रवाल, अमित बंसल, रवि अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग के सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रभु श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 20 अप्रैल 2024 शनिवार को कुशालपुर बाजार चौक से शाम 4 बजे प्रारम्भ होगी। जो कुशालपुर से निकलकर विठठल मंदिर नवीन मार्केट में समाप्त होगी। जिलाध्यक्ष युवासेना संजय सोनकर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई।

# मोदी सरकार ने सेना का आधुनिकीकरण कर भारतीय सीमाओं को अभेद्य बनाया : संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीजेपी के उम्मीदवार संतोष पांडे ने खैरागढ़ व कबीरधाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का व्यापक दौरा करते हुए कहा कि वर्तमान आम चुनाव देश के लिए अत्यंत महत्व के हैं, भारत के उज्जवल भविष्य को गढ़ने वाले भी हैंव नई पीढ़ी को दिशा भी दिखाने वाले रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से आजादी के बाद देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जाना था वह नहीं हो पाया। देश का यह दुर्भाग्य रहा कि आजादी के बाद कांग्रेस का नेतृत्व जिन हाथों में आया वे अंग्रेजीयत संस्कारों से ओतप्रोत रहें, उन्हे देश की मौलिक आवश्यकताओं व सांस्कृतिक विरासत का ज्ञान नहीं था, फलस्वरूप इनके लंबे शासनकाल में देश पटरी से नीचे उतर गया।

पांडे ने आगे कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में प्रशासन में जड़ता आ गई थी, भ्रष्टाचार खूब फल-फूल रहा था गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर होते चले गए। देश की हालत बद् से बदतर जैसी हो गई थी कही



बांगलादेश की घुसपैठ तो कही पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हमले हो रहे थे, भारत की दशा एक दयनीय देश के समान हो गई थी।

उन्होंने आगे कहा कि फिर देश में राम मंदिर का आंदोलन आया, राष्ट्रीय विचारों की स्थापना हुई, फिर पहले अटल जी उसके बाद मोदी जी की सरकार बनी, तब कही जाकर देश की माली हालत में सुधार आना प्रारंभ हुआ। मोदी जी ने जहां देश को आंतरिक व बाह्य खतरों से मुक्त कराया वही विकास का नया इतिहास रचा। सेना का आधुनिकीकरण किया गया एवं भारतीय सीमाओं को अभेद्य बनाया गया। आर्थिक दृष्टि से भारत को मजबूत स्थिति में ले जाते हुए दुनिया की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया। करोड़ों लोगों को पक्के मकान दिये गए, करोड़ों किसानों को किसान सम्माननिधि से नवाजा गया, करोड़ों महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन देकर राहत पहुचाई गई! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए यह जरूरी हैं की 2024 में फिर एक बार मोदी जी कि सरकार बने व अबकी बार400 पार का नारा सार्थक हो। यह तभी संभव हैं जब हम अपने घरों से निकलकर देश के नवनिर्माण की मुहिम में शामिल होने के लिए कमल फूल छाप पर बटन दबाए। पांडे अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम पैलीमेटा, मोहगाँव, चोभर, आमगाँव, भांजीडोगरी पहुचकर चुनावी सभाओं के संबोधित किया फिर वे कबीरधाम जिले के रेंगाखार मण्डल के ग्राम खारा, उसवाही, खम्हरिया, तितरी, बरबसपुर, समनापुर, झलमला, शीतलपानी, सिवनी, चिल्फ़ी पहुंचे अनेक स्थानों पर ढोल नगाड़ों के साथ पांडे का स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से कोमल जंगल, विक्रांत सिंह, घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, टीके चंदेल, निजाम मंडावी, परासर ठाकरे, अनुज साहू, ललित सोनी, संतान साहू, संतोष ठाकुर, शत्रुहन साहू, मुंजन यादव, महेंद्र यादव, मनोज अग्रवाल, विष्णु ठाकरे, ओमलाल साहू सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रेक्षक ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया



पायनियर संवाददाता ✓ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग से नियुक्त राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन ने आज जिले के विधानसभा खैरागढ़ में मतदान के लिए उपयोग कि जाने वाली इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यो का जायजा लिया। कमिशनिंग का कार्य पिपरिया स्थित एफसीआई गोदाम परिसर में हाल में किया जा रहा है। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 15 टेबल लगाकर मतदान के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्य किया जा रहा हैं। इस दौरान बीयू में बैलेट पेपर लगाएं गए और पिंक पेपर से सील किया गया। वीवीपैट में ईसीआईएल के इंजीनियरों के माध्यम से सिंबॉल लोडिंग का कार्य किया गया। राजनीतिक दलों की उपस्थिति में 5 प्रतिशित मशीनों में 01 हजार मॉकपॉल किया गया। इसके पश्चात सीआरसी कर वीवीपैट की पर्चियों को गिनकर नष्ट किया गया। सभी बीयू, सीयू और व्हीव्हीपैट का सिलिंग कार्य किया जा रहा है। शशि रंजन ने मतगणना स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, सीटी टीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का पुनः अवलोकन किया प्रथम अवलोकन में जो निर्देश दिए गए थे। उन्होंने भलीभांति अवलोकन कर संतुष्टि जाहीर की। साथ ही मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया।

**केसीजी में 283 मतदान केंद्र :** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में कुल 15 अभ्यर्थी एवं नोटा 01 कुल 16 है। विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ के 283 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदान केन्द्रों के लिए 283 बैलेट यूनिट, 283 कंट्रोल यूनिट तथा 283 व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। इसके साथ ही कंट्रोल यूनिट 16, बैलेट यूनिट 16 और 16 व्हीव्हीपैट रिर्जव रखा गया गया है। सभी प्रक्रिया मान्यता प्राप्त दालों के पदाधिकारी कि उपस्थिती में की गई।

# सड़क दुर्घटना में 11 घायल, 4 गंभीर



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुईखदान थाना क्षेत्र के बुंदेली के पास स्कार्पियो के दुर्घटनाग्रस्तहोने से 11 लोग घायल हो गए। इनमें चार को गंभीर चोंटे आई है। सभी घायलों को छुईखदान हास्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किए जाने की जानकारी है। घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे की है। खैरागढ़ के ग्राम कुम्ही से साहू परिवार के सदस्य सगाई के लिए तेंदुभाठा जा रहे थे। गाड़ी बुंदेली के पास पहुंची थी तभी सड़क किनारे चल रहे पोल शिफ्टिंग का कार्य चल रहा था, जिससे बचने के लिए स्कार्पियो के चालक ने तेज रफ्तार में ही स्टेयरिंग मोड़ दी। जिससे गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क पर ही पलट गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद कार में सवार लोगों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि कार में सवार नीलादास (55), लेखू पटेल (22), रामेश्वर साहू (55) और कांता दास (71) को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया के विशेषज्ञ ने खिलाड़ियों को दी खेल उत्कृष्टता की जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खेल एवं खिलाड़ी विकास के लिए अग्रसर संस्था रुद्राक्षम् वेलफे यर सोसाइटी द्वारा जिला हॉकी संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन मे ÷ग्रीष्म ऋतु के अनुसार खिलाड़ियों का अनुकूलन एवं गर्मी के प्रभाव से बचने तथा भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के खेल उत्कृष्टता मे अंतर÷ के महत्वपूर्ण विषय पर हॉकी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से समर हॉकी मैच एवं कार्यशाला का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मे किया गया। बालिका वर्ग के इस प्रतियोगिता मे खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगाँव का मुकाबला भारतीय खेल प्राधिकरण की टीम से हुआ। दोनों टीमों के मध्य बेहत रोमांचक मैच 4-4 गोल से ड्रा रहा। नतीजा नहीं आने की



वजह से दोनों टीमों को पेनल्टी शूट आउट का सहारा लेना पड़ा। जिसमे खेलो इंडिया सेंटर ने भारतीय खेल प्राधिकरण को 8-7 से हराया और ट्रॉफी अपने नाम किया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि ऑस्ट्रेलिया से आये गुणदीप सिंग गिल एवं कैप्टेन सुप्रीत कौर (पायलट) ने खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में खेल उत्कृष्टा के विभिन्न विषयो पर जानकारी दी। गुणदीप ने बताया की ऑस्ट्रेलिया में खेलों का क्लब सिस्टम बहुत मजबूत है, क्लब मे खिलाड़ियों का व्यक्तिगत लगाव रहता है तथा उन्हें विशेषज्ञ कोच के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। पेशे से पायलट कैप्टेन सुप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया मे खिलाड़ियों को आधुनिक उपकरण के द्वारा दिए जा रहे वैज्ञानिक खेल प्रशिक्षण एवं खिलाड़ियों के संतुलित आहार के बारे मे बताया और खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस के साथ मेन्टल फिटनेस पर भी काम करने की बात कही। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने अपने उद्बोधन मे ऑस्ट्रेलिया से पधारे अतिथियों की उपस्थिति से स्थानीय खिलाड़ियों के लाभान्वित होने की बात कही और रुद्राक्षम् वेलफे यर सोसाइटी के इस पहल की प्रशंसा की । कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने अतिथियों को ग्रीष्म ऋतू मे खिलाड़ियों को गर्मी के प्रकोप से बचने और फिट रहने के बारे मे बताया और विदेशी अतिथियों एवं उदीयमान खिलाड़ियों को हॉकी नर्सरी राजनांदगाँव के प्रतिष्ठित हॉकी क्लब एवं उनकी उपलब्धियों के बारे मे बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी नीलम चंद जैन,प्रकाश शर्मा, अजय झा,चन्दन सिंह भारद्वाज, रामावतार जोशी, दीपक यादव, अशोक नागवंशी, कोच शकील अहमद,एम रवि राव, हारुन खान एवं सुखदेव निर्मलकर उपस्थित रहे।

# योगी आदित्यनाथ की 21 को सागर में आमसभा

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगामी 21 अप्रैल को सुबह 11 बजे कुमरदा के सन्निकट सागर में आगमन हो रहा है। हिंदू ह्रदय सम्राट भाजपा के स्टार प्रचारक योगी चुनावी आमसभा को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व में योगी ने डोंगरगाँव नगर में विधानसभा चुनाव दौरान अपने ओजस्वी और तेजतर्रार भाषण से खलबली मचा दिया था।

इसी तारतम्य में योगी पुनः लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनांदगांव सांसद चुनाव हेतु संतोष पाण्डेय के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। उनके आगमन से पहले सभी सुरक्षा चाकचौबन्ध की जा रही है। सभा में मोहला मानपुर, खुज्जी व डोंगरगाँव विधानसभा से भारी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड व पार्किंग स्थल का जायजा लेने लोकसभा संयोजक मधुसुदन यादव जी पहुँचे थे। उक्त अवसर पर साथ में जिला महामंत्री रवींद्र वैष्णव, हीरेंद्र साहू, किसुन यदु, बोधन साहू, अजय पटेल, गुलाब गोस्वामी, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू , नुनकरण भुआर्य, हिरदे देवांगन, संजय सिन्हा, कंशुयादव, एकांत चंद्राकर, सहित प्रशासनिक अधिकारी व विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# देश में व्यापारिक कल्याण बोर्ड नरेंद्र मोदी की देन

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, सह संयोजक दिनेश गांधी, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखिजा, उत्तम गिडिया, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे। व्यापारी सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती, दीनदयाल उपाध्याय तथा पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। पश्चात् सम्मेलन के मुख्यअतिथि खूबचंद पारख ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यापारियों के लिए व्यापारिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है एवं



विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को तीन लाख तक की लोन सुविधा प्रदान करने का अभिनव प्रयास किया है।

इसके अलावा मध्यमवर्गीय व्यापारियों को 10-10 लाख रू. तक का मुद्रा लोन बिना गारंटी के देकर व्यापारियों का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग को इंडस्ट्री लगाने के लिए मोदी सरकार तथा प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत की सब्सिडी देने की घोषणा की है एवं इंटरेस्ट सब्सिडी के रूप में 40 प्रतिशत देने की घोषणा की है, जो सराहनीय कदम है। सम्मेलन को दिनेश गांधी, राजा माखिजा व लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता तथा आभार भाजपा व्यापारिक आर्थिक व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक वैभव माहेश्वरी ने किया।

# भाजपा के संकल्प पत्र में ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय स्वागतेय : विकास तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के लिए पार्टी का विधि प्रकोष्ठ भी खासा सक्रिय हैं, प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बौद्धिक वर्ग के लोगों से मेल मुलाकात कर उन्हे भाजपा के विचारों से तो अवगत करा ही रहें हैं साथ ही साथ भाजपा के संकल्प पत्र मोदी गारंटी 2024 का बुद्धजीवियों पर हो रहे असर को भी बता रहें हैं। प्रकोष्ठ के संयोजक विकास तिवारी ने बौद्धिक वर्ग के लोगों से चर्चा करते हुए कहा की वन नेशन - वन इलेक्शन की बड़ी गारंटी मोदी सरकार ले रही है, इससे जहां देश के संसाधनों की बड़ी बचत होगी वही एक साथ चुनाव कराने से विकास कार्यों को गति मिलेगी, साथ ही साथ मतदाताओं और देश को बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। तिवारी ने आगे बताया की देश के अदालतों की व्यवस्था अंग्रेजो की जमाने से चली आ रही है। देश की शीर्ष अदालत सुप्रीमकोर्ट से लेकर हाई कोर्ट सहित स्थानीय अदालतों में लाखों-लाख प्रकरण लंबित पड़े हैं, हालत यह हैं की पक्षकार जीवन पर्यंत केवल अदालत के चक्क र ही काटता रह जाता हैं, उसे न्याय समय पर नहीं मिल पाता, आम लोगों को सदियों से हो रही इस परेशानी को हल करने की दिशा में मोदी गारंटी में त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु ई-कोर्ट स्थापित करने का निर्णय लिया गया हैं सम्पूर्ण अदालती रिकार्ड का डिजिटीलाइजेशन मिशन मोड पर करने एवं अदालती कार्यवाही की सरल पहुच करने के लिए ई-कोर्ट प्रोजेक्ट में तेजी लाने की योजना है, तिवारी ने आगे कहा की इसी प्रकार लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष कोर्ट की स्थापना होगी।

# चौपाल में जुट रहे ग्रामीण दे रहे भूपेश को समर्थन, कांग्रेसी नेता झंडा बुलंद कर रहे

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया क्षेत्र में घनी आबादी क्षेत्र से लेकर वनांचल के गांवों तक कांग्रेस का झंडा बुलंद हो रहा है। कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के लिए कांग्रेसी यहां मोर्चा संभाले हुए हैं। गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस नेता सभाएं कर रहे हैं और लोगों तक कांग्रेस का न्याय का संकल्प पहुंचा रहे हैं। शुक्रवार को आमगांव, घेरूघाट, बुचाटोला, गिदवा भवर और चारभाटा में कांग्रेस ने सभाएं की और ग्रामीणों से 26 अप्रैल को पंजा का बटन दबाकर वोट देने की अपील की। 40 डिग्री के तापमान में भी कांग्रेसी अपने विजय संकल्प के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटे हुए हैं। शुक्रवार



को चुनावी अभियान की शुरुआत आमगांव से हुई। पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस किसानों की कर्ज माफी के लिए अलग आयोग बनाएगी। स्वामी रंगनाथन कमेटी की सिफारिशें लागू की जाएगी, फसलों में एमएसपी की गारंटी कांग्रेस ने दी है। आज से पहले ऐसा किसी राजनीतिक दल ने नहीं किया। कांग्रेस ने वायदा किया है कि सरकार बनने पर हर महिला को एक लाख रुपए हर साल मिलेंगे। यानी 8 हजार 333 रुपए लगभग हर माह।

## भाजपा का घोषणा पत्र मोदी के फोटो एलबम के अलावा कुछ नहीं

# यह चुनाव हार-जीत का नहीं लोकतंत्र बचाने के लिए है : राधिका खेड़ा

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सुश्री राधिका खेड़ा ने कहा कि, देश में ये चुनाव किसी को जिताने या किसी को हराने के लिए नहीं है बल्कि यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए है। लगातार भाजपा के सांसद सार्वजनिक रुप से इस बात को बल दे रहे हैं कि हमें 400 पार सीटें जितनी हैं क्योंकि हमें संविधान बदलना है। संविधान को मोदी और भाजपा इसीलिए बदलना चाह रहे हैं क्योंकि उन्हें आरक्षण हटाना है। लोगों से उनके विरोध करने का अधिकार छीनना है,सब कुछ अडानी अंबानी को बेच देना है और कोई सवाल ना कर सके - मीडिया को बंद करना है कि वो भी




सवाल ना उठा सके । उन्होंने कहा कि भाजपा अपने मैनिफे स्टो में मोदी जी का 48 बार फोटो लगाती है। कांग्रेस के मैनिफे स्टो में राहुल की मात्र 3 बार फोटो है। इसीलिए भाजपा का ये मैनिफे स्टो नहीं है ये मोदी जी का फोटो एल्बम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वायदा किया है कहा कि हम 30 लाख रिक्त पदों को भरेंगे।वहीं भाजपा के मैनिफेस्टो में नौकरियों का जिक्र ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा किसानो पर आंसू गैस के गोले दागती है। किसान आंदोलन में 800 किसान शहीद हो गए। किसी को आप एक बार मूर्ख बना सकते हैं, दो बार मूर्ख बना सकते हैं, बार बार अगर आप किसी को मूर्ख बनाने की सोच रहे हैं तो आप स्वयं मूर्ख है। जनता मूर्ख नहीं है। राधिका ने कहा कि कांग्रेस ने अग्निवीर योजना को खत्म कर सेना में पूर्व की भांति भर्ती शुरु करने का वायदा किया है। हमने किसानो को एमएसपी पर लीगल गारंटी, और कर्ज माफी के लिए एक अलग से आयोग बनाने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि, राजनांदगांव की हालत तो यह है कि जनता को यहां के सांसद का नाम तक पता नहीं है। चर्चित लापता सांसद के बारे में जनता बोल रही है कि, 5 साल में एक भी बार दिखाई नहीं दिए। जनता के हितों से बेसुध भी रहे इसलिए सबक सिखाने का मौका मिला है जिसे चूकेंगे नही। इस दौरान उनके साथ प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, प्रदेश स महामंत्री आलोक चंद्राकर, मीडिया समन्वयक ऋषभ चंद्राकरआदि उपस्थित थे।

# होम वोटिंग : बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंची टीम



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पोस्टल-बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए 85 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के घरों तक मतदान दलों ने दस्तक दी है, जो मतदान केन्द्रों तक जाने में असमर्थ हैं। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान अधिकारियों द्वारा शहर से लेकर गांव तक चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर होम वोटिंग कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी है। जिसके तहत पूरे जिले में मतदान अधिकारियों द्वारा चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों का होम वोटिंग कराया गया।

# निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने में एसडीएम, तहसीलदार, सेक्टर अधिकारियों का होता है महत्वपूर्ण भूमिका : कमिश्नर

■ सरगुजा कमिश्नर ने किया आगामी लोकसभा निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा, कमिश्नर ने अधिकारियों को दिलाई मतदान की शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सरगुजा कमिश्नर जी.आर. चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली और निर्वाचन तैयारी की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, डीएफओ जितेंद्र कुमार उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सेक्टर अधिकारी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर चुरेन्द्र ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार, सेक्टर अधिकारियों का निर्वाचन संपन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना से अपने दायित्वों को निर्वहन करते हुए निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सरगुजा कमिश्नर जी.आर चुरेन्द्र ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए नियुक्त अधिकारी कर्मठता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। सभी अधिकारी-कर्मचारी आदर्श आचार संहिता के दौरान निष्पक्षता से कार्य कर निर्वाचन संपन्न कराएं। उन्होंने सुगम, सुघ्घर व समावेशी मतदान कराने के लिए मतदान केन्द्रों में साफ -सफाई, पेयजल, छाया, बिजली, शौचालय आदि जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की जांच कराकर व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही मतदाताओं को प्रलोभन देकर अपने पक्ष में मतदान कराने वालों पर निगरानी रखने तथा उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग को आपसी समन्वय से तालमेल रखते हुए सूचना तंत्र मजबूत करने कहा तथा निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय करने कहा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों से लगे अन्तर्राज्यीय चेक पोस्टों पर अवैध सामग्रियों पर विशेष रूप से निगरानी रखने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने सरगुजा कमिश्नर को जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने जिले के मतदाताओं की संख्या, स्थापित मतदान केन्द्रों, संगवारी, युवा एवं दिव्यांग मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए मतदान दलों के प्रशिक्षण के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने दिव्यांग और बुजुर्गों के मतदान सुविधा हेतु पोस्टल बैलेट, अनिवार्य सेवा के तहत मतदान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने मतदान संपन्न कराने हेतु ईवीएम, वीवीपीएटी,वाहनों की उपलब्धता, स्ट्रांग रूम सहित अन्य व्यवस्था एवं तैयारी के संबंध में अवगत कराया।

# प्रयास आवासीय विद्यालय बालक-कन्या में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 17 मई तक

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास आवासीय विद्यालय बालक-कन्या हेतु शैक्षणिक सत् 2024-25 में कक्षा 9वीं में (ऑनलाईन) प्रवेश की सूचना जारी की गई है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अन्तर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित-प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं से सफल होने हेतु सघन तैयारी करायी जाती है। इन उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। इन विद्यालयों मे प्रवेश राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाना है। वर्ष 2024-25 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के तिथि 23 अप्रैल 2024 से प्रारंभ हो चुकी है, आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई 2024 रात्रि 12:00 बजे तक निर्धारित है। ऑनलाइन भरें आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 मई 2024 से 20 मई 2024 (रात्रि 12:00 बजे तक) का समय निर्धारित है। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 09 जून 2024 (दिन-रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित है।

**प्रदेश में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों का विवरण:-** राज्य में कुल 14 प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालय संचालित है। इनमें प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू, रायपुर बालक-200 सीट, प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी, रायपुर कन्या-155 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय बिलासपुर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय दुर्ग बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय जगदलपुर जिला-बस्तर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय जिला-बालौद बालक 50 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय जिला-कांकेर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय जिला-कोरबा बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय जिला-जशपुर बालक 75 एवं बालिका 50 सीट, प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालय जिला-रायगढ़ बालक 75 बालिका 50 सीट, अनुसूचित जाति बालक प्रयास आवासीय विद्यालय, पाटन जिला-दुर्ग बालक 125 सीट, अनुसूचित जाति कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर, जिला-रायपुर कन्या 125 सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर, जिला-रायपुर बालक 125 सीट एवं अन्य पि.वर्ग कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर कन्या 125 सीट संचालित है।

# पीएम प्राथमिक विद्यालय लवाकेरा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षा में गुणवत्ता एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए देश के कई सरकारी विद्यालयों को पीएम विद्यालय में शामिल किया गया है। इसके लिए कई कार्ययोजना बनाई गई है जिसमें प्रोजेक्ट इनोवेशन के तहत पीएम विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाना है। फरसाबहार विकासखंड के ग्राम लवाकेरा में पीएम प्राथमिक विद्यालय लवाकेरा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन, सहायक विकास शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह ध्रुव, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शिक्षक, अन्य स्टाफ विद्यालय के बच्चे एवं उनके अभिभावक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवांगन ने पीएम शाला की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं स्वास्थ्य शिविर में मिले लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। चिरायु टीम के डॉ. सचिन लकड़ा द्वारा स्वास्थ्य संबंधी बातें बताई गई। इस कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सक डॉ. देव कुमार चौधरी डेंटल डॉ अमित जयसवाल, डॉ सचिन लकड़ा, डॉ सा गुप्ता एवं चिरायु टीम से उनकी पूरी टीम शामिल रही। शिविर में ब्लड ग्रुप, आंख, नाक, कोहनी चर्म, मौसमी बुखार एवं अन्य गंभीर बीमारियों की पहचान कर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बच्चों को आवश्यकतानुसार दवाइयां, मल्हम, आई ड्रॉप्स एवं सर्दी-बुखार की दवाइयां दी गई। अभिभावकों को सही समय पर दवाइयां लेने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के समापन के बाद विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अनुपमा हंसराज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं बच्चों के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश युवा देवांगन समाज के नवीन पदाधिकारियों का चयन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रदेश युवा देवांगन समाज के नवीन पदाधिकारियों का चयन विगत दिनों बड़ी सँख्या में किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप देवांगन के अनुमति पर युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोहर देवांगन द्वारा युवाओं एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण देवांगन द्वारा महिलाओं की सदस्यों को प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्ति किया। जिसमें मुंगेली से वर्तमान देवांगन समाज नगर अध्यक्ष एवं शिक्षक दुर्गेश देवांगन को प्रदेश युवा देवांगन समाज का प्रवक्ता एवं विष्णु देवांगन को प्रदेश युवा देवांगन समाज का उपाध्यक्ष का दायित्व सौपा है। इसी तरह प्रदेश देवांगन समाज महिला वर्ग का भी गठन करते हुए मुंगेली विवेकानंद वार्ड की पार्षद गायत्री आनंद देवांगन को महिला प्रदेश देवांगन समाज का संरक्षक एवं मुंगेली देवांगन समाज की महिला अध्यक्ष सुनीता राजू देवांगन को प्रदेश सलाहकार का दायित्व मिला है। इसके लिए मुंगेली देवांगन समाज सहित पूरे जिलेवासियों में खुशी की लहर है। मुंगेली से चयनित इन सामाजिक कार्यकर्ताओं को लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई सन्देश भी मिल रहा है। प्रदेश प्रवक्ता दुर्गेश देवांगन ने नियुक्ति पश्चात् कहा कि प्रदेश स्तर में सामाजिक एकता स्थापित करते हुए सामाज को एकजुट करना और सभी को समाज के मुख्य धारा में जोड़ना मुख्य उद्देश्य है। दायित्व मिलने पर पदाधिकारियों ने प्रदेश महासचिव परस देवांगन, संगठन उपाध्यक्ष रवि देवांगन, मुंगेली जिलाध्यक्ष आनंद देवांगन, प्रदेश कार्यकरणीय सदस्य अमरनाथ देवांगन, प्रदेश मीडिया प्रभारी कोमल देवांगन सहित समाज के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश देवांगन समाज ने जो भी जिम्मेदारी व दायित्व सौपा है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरी लगन से समाज के हित के लिए कार्य करेंगे और समाज को आगे बढ़ाने में भरपूर मेहनत करने की बात कही।

# बच्चों को पौष्टिक आहार देने एवं समभाव रखने के उद्देश्य से न्योता भोजन का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

रमाबाई पाण्डेय प्राथमिक शाला में बच्चों को पौष्टिक आहार देने एवं समभाव रखने के उद्देश्य से न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 विद्यार्थियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी बच्चों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। शासन के निर्देशानुसार रमाबाई पाण्डेय शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित इस न्योता भोज में लगभग 50 विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन खिलाया गया। सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, दाल, चावल, सब्जी और गुलाब जामुन समेत कई विशेष व्यंजन उनके थाली में परोसे एवं बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिवाकर, शैक्षिक समन्वयक चंद्रशेखर उपाध्याय, शाला विकास समिति अध्यक्ष विनोद श्रीवास, प्रधान पाठिका अनिता शुक्ला, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, प्रफु ल्ल कुमार पटेल, नवलेश बंजारे, साधना शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित

# अंतिम दिन 17 अभ्यर्थियों ने जमा किए नामांकन एवं 02 अभ्यर्थियों ने लिया नामांकन पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन में कुल 02अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र लिया और 17 अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी आकाश छिकारा के समक्ष जमा किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी ने बताया कि आज दीपक कुमार आजाद समाज पार्टी एवं शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्ति सेना (भारत) ने नाम निर्देशन पत्र लिया। इसके साथ ही आज महेन्द्र कुमार अनंत निर्दलीय, शैलेन्द्र कुमार बंजारे शक्ति सेना (भारत), विजयलक्ष्मी सूर्यवंशी नट असंख्य समाज पार्टी, रोहित डहरिया बहुजन समाजवादी पार्टी, रेवालाल सतनामी निर्दलीय, रामलखन खुंटे अंबेडकर राईट पार्टी ऑफइंडिया, मनहरण लाल भारद्वाज गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, अनिल मनहर हमर राज पार्टी, मंगलूराम सतनामी निर्दलीय, रूखमणी चेलकर सर्वआदी दल, हेमंत कुमार निर्दलीय, विजय कुमार कुर्रे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, सीमा महिलांगे निर्दलीय, कौशल जांगड़े राष्ट्रवादी भारत पार्टी, सुरेश कुमार निर्दलीय दीपक कुमार आजाद समाज पार्टी, कमलेश जांगड़े भारतीय जनता पार्टी ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

# छत्तीसगढ़ बाल अधिकार अभियान की राज्य स्तरीय बैठक मितवाश् संस्था कार्यालय में

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ बाल अधिकार अभियान की राज्य स्तरीय बैठक बिलासपुर मितवाश् संस्था कार्यालय में 15 अप्रैल को हुई। इसमें छत्तीसगढ़ में बच्चों के मुद्दों पर विभिन्न जिला जिसमें बिलासपुर, रायपुर जांजगीर चाम्पा, कोरबा. कबीरधाम, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद एवं जशपुर के स्वैच्छिक संस्था प्रमुखों ने अपनी अपनी बात रखे। बैठक में आस्था समिति के अध्यक्ष दौलतराम कश्यप ने जिला -मुंगेली में बच्चों के संरक्षण एवं देख- भाल एवं उनके अधिकार के लिए विगत तीन वर्ष में किये गये कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन एवं श्मीडिया कवरेज पुस्तिका का प्रस्तुतिकरण किया। बच्चों के लिए चाइल्ड लाइन 1098 परियोजना के माध्यम से संस्था द्वारा किये गये कार्य जिसमें कुल 1222 बच्चों को दी गई सेवाओं, जनजागरुकता ओपन हाउस कार्यक्रम आदि के माध्यम से शहरी स्लम बस्ती एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के कुल लगभग दो लाख लोगों तक सीधा पहुंच बनाया। कश्यप ने आगे बताया कि इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ कलेक्टर. पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्य किया। मीडिया कवरेज में प्रिंट एवं इलेक्ट्रा निक मीडिया में संस्था द्वारा किये गये कार्यों का संकलन पुस्तिका की प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्य के लिए जिले के कलेक्टर राहुल देव पुलिस अधीक्षक जिला कार्यक्रम अधिकारी सुदेश सिंह, भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी प्रेम कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी एवं नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक ने इस पुस्तिका के लिए शुभकामना पत्र लिखकर दौलत राम कश्यप अध्यक्ष एवं उमाशंकर कश्यप समन्वयक के कार्यों की सराहना किया है।

बैठक में छत्तीसगढ़ बाल नीति को लागू करने के लिए मंत्री एवं विभागीय अधिकारीयों तथा जिला स्तर पर ग्राम स्तरीय चाइल्ड प्रोटेक्शन समिति को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा किया। बैठक मे-मुनीष शुक्ला, संतोषी वर्मा, सुरेश शुक्ला, मधुलता पैकरा, लक्ष्मी जायसवाल, लतिश शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाये।

# संस्कार स्कूल में 16वां फाउंडेशन डे मना, बच्चों ने नृत्य से बांधा समां

## शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का वादा है: रामचन्द्र



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल का 16वां स्थापना दिवस समारोह स्कूल कैम्पस में धूमधाम से मनाया गया। संस्था की प्राचार्या रश्मि शर्मा ने बताया कि वर्ष 2008 में आरंभ हुई संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा के मुख्य आतिथ्य व एक्टिंग डायरेक्टर सी.पी.देवांगन की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में माँ सरस्वती की फोटो पर दीप प्रज्जवलन कर पूजा-अर्चना की गई। अपने मुख्य आतिथ्य के उद्बोधन में मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने वर्ष 2008 से वर्तमान समय तक स्कूल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के माध्यम से क्रांति लाना है। इसके लिए संस्कार स्कूल परिवार उच्च स्तर से लेकर सामान्य स्तर तक बच्चों के विकास के लिए प्रयासरत है। संस्कार पब्लिक स्कूल की इस विकास यात्रा में विद्यार्थियों ने हर क्षेत्र में शानदार सफलता प्राप्त की। वह क्षेत्र चाहे प्रतियोगी परिक्षाओं का हो या खेल-कूद का। चाहे ओलंपियाड का हो या चित्रकला का, इन्सपायर्ड अवार्ड का हो या बौद्धिक प्रतियोगिता का। भविष्य के लिए भी रामचन्द्र शर्मा ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। संस्कार पब्लिक स्कूल की अब तक की शानदार सफलता पर मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने पर्दे के सामने और पर्दे के पीछे से सहयोग करने वालों को धन्यवाद ज्ञापित कर याद भी किया कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शानदार रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें देशभक्ति से ओतप्रोत, मनोरंजन से भरपूर, भावनात्मक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पालकगण, सभी शिक्षकगण व स्टाफ मौजूद रहे।

**शोध करना महत्वपूर्ण ही नहीं- बल्कि आवश्यक भी है, रिसर्च से अनजानी बातों का पता चलता है**

# लघु शोध प्रबंध शोध कार्य की प्रथम सोपान है: डॉ रक्षित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय राम भजन राय एन ई एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के स्वर्ण जयंती सभागार में प्राचार्य डॉ विजय रक्षित के मार्गदर्शन एवं विज्ञान संकाय एवं आई क्यू ए सी के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय स्नात्तकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के कक्षाओं में लघु शोध प्रबंधन लिखना है। कार्यशाला के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान विभाग के प्राध्यापक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित थे। प्राचार्य ने कार्यशाला आयोजन एवं लघु शोध प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त करते हुये बताये कि जो लोग सीखने को महत्व देते हैं, उनके लिए शोध करना महत्वपूर्ण ही नहीं- बल्कि आवश्यक भी है, रिसर्च से अनजानी बातों का पता चलता है, और आपको इस दुनिया को देखने के अलग-अलग दृष्टिकोण मिलते हैं। किसी भी देश की तरक्की की राह में वहां पर होने वाले शोध और नवाचार की खासी भूमिका होती है। डॉ विजय रक्षित ने पुरे शोध कार्यप्रणाली को कहानी के माध्यम से व्यवहारिक रूप से जोड़ते हुये बहुत खूबसूरती से छात्र छात्राओं का बताये। कार्यशाला के संयोजक प्रो डी आर राठिया, विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान ने उपस्थित छात्र छात्राओं को लघुशोध के उद्देश्य, शोध के विभिन्न आयाम, इसके बुनियादी इकाइयों, सिद्धांत, अवधारणा, परिकल्पना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। महाविद्यालय के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ हरिकेश कुमार ने लघु शोध के प्रबंधन के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विषय का चयन, संबंधित विषय में पूर्व में किए गए कार्य, विषय वस्तु, अनुक्रमणिका, प्रश्नावली साक्षात्कार, अनुसूची और संदर्भ ग्रंथ सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के लाइब्रेरियन विश्वनाथ प्रताप सिंह ने इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेज, पूर्व में किये गए शोध पेपर, पीएचडी थीसिस, लघु शोध प्रबंध, एवं प्रोजेक्ट रिपोर्ट को ऑनलाइन प्राप्त करने के तरीकों एवं शोध में संदर्भ, बीबीलियोग्राफी के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। उन्होंने छात्र छात्राओं को इस संबंध मे विशेष रूप से जानकारी दी कि आपको अपने विषय संबंधी जानकारी कहां से और कैसे प्राप्त किया जायेगा। इसके पश्चात् विभागाधयक्ष अंग्रेजी कु रिजवाना खातून ने पीजी कक्षाओं के चतुर्थ सेमेस्टर के उपस्थित छात्र छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शोध कार्य में सूचना प्रौद्योगिकी का किस प्रकार से उपयोग किया जा सकता है बताया। इसके अलावा आईसीटी का उपयोग मोबाइल फोन में करके किस प्रकार से पुरे लघु शोध, पी पी टी को बनाए जाते हैं। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, पावर पॉइंट के प्रयोग को विस्तार पूर्वक समझाया। विभागध्यक्ष प्राणिशास्त्र प्रो ज्योति तिर्की ने अनुसंधान प्रक्रिया दौरान आने वाली संभावित कठिनाइयों एवं उनके निराकरण के बारे में विस्तारपूर्वक बताई। एक दिवसीय कार्यशाला में आई क्यू ए सी के संयोजक प्रोफेसर डॉ यूँ एन लकड़ा, डॉ विनय के तिवारी, प्रो प्रवीण सतपति,कु आइलीन एक्का, क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार, वरुण श्रीवास, अजय राजवाड़े, घनसुन्दर प्रधान, अलका सिंह, किरण रजवाड़े, अलीमा सोनी, जयंती सन्यासी और विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने आज के कार्यशाला के सभी स्त्रोत प्राध्यापको को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में भी आशा व्यक्त किया कि आगामी समय में इसी प्रकार का छात्र हितेषी कार्यक्रम आयोजित

# वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को मतदान करने किया गया प्रेरित



**मुंगेली।** विकासखण्ड मुंगली के ग्राम पंडरभट्ठा में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को मतदान करने तथा लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाने प्रेरित किया गया। साथ ही गांव में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस दौरान मतदान संबंधी नारों से रंगोली बनाकर ग्रामवासियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया गया। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली, निबंध, चित्रकला, मेंहदी प्रतियोगिता, नुक्कड़-नाटक, बैनर-पोस्टर, दीवार लेखन, सेल्फी प्वाइंट आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है।

# नगर निगम के स्टार्ट अप समिट का हुआ आयोजन

## स्टार्ट अप से जुड़े युवा उद्यमियों को सहयोग देगा रायपुर नगर निगम, नगर निगम व आर्म्स 4 ए.आई. के मध्य हुआ एम.ओ.यू.

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम रायपुर द्वारा स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने एवं रोजगार मूलक कार्यक्रमों से युवाओं को जोड़ने स्टार्ट-अप समिट का आयोजन किया गया, जिसमें युवा आंत्रप्रेन्योर ने अपने परिश्रम से तैयार किए गए व्यवसाय व संस्थागत गतिविधियों की जानकारी दी। इस समिट में नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के सीईओ (स्टार्ट-अप) हुलास पाठक, समन्वयक अभिजीत शर्मा, रवि शंकर विश्वविद्यालय की समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर, जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, आर्किटेक्ट मनीष पिल्लेवार, ने इन युवा उद्यमियों से बात की। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। युवाओं ने नगर निगम द्वारा की गई इस पहल की सराहना की एवं विश्वास जताया कि इन प्रयासों से युवाओं के कैरियर को नई दिशा मिलेगी। रविशंकर विश्वविद्यालय प्रांगण में बनें इंडोर स्टेडियम में इस स्टार्ट-अप समिट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि नवाचारों से युवा अब अपने सपनों को ऊंची उड़ान दे रहे हैं, कठिन परिश्रम से अपने कैरियर को दिशा दे रहें युवाओं को स्टार्ट-अप से जुड़ने नगर निगम द्वारा आधारभूत सुविधाएं सुलभ कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं की प्रतिभा के बल पर अंचल में विकास गतिविधियों को दिशा देने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर समन्वयक डॉ. कविता ठाकुर ने भी संबोधित करते हुए युवाओं को प्लेटफॉर्म प्रदान करने के लिए नगर निगम रायपुर की सराहना की। इस





दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, विमल शर्मा, रमेश जायसवाल, जसदेव बांबरा, अरूण ध्रुव, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (ई.एंडटी.) पी.के. पंचायती व महाप्रबंधक (जनसंपर्क) आशीष मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू, मैनेजर (जी.आई.एस.) रंजीत रंजन, नगर नियोजन के प्रमुख निशीकांत वर्मा, नीतिश झा, सोहन गुप्ता सहित नगर निगम व स्मार्ट सिटी के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहें। स्टार्ट-अप समिट में आर्म्स 4 ए.आई, प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज हैदराबाद के मध्य एम.ओ.यू. हुआ, जिसके तहत नागरिक सुविधाओं के विस्तार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के दिशा में कार्य करने की सहमति बनीं। यह संस्था शासकीय परिसंपत्तियों के संधारण, नैसर्गिक संसाधनों की आवश्यकता अनुसार उपयोगिता जैसे विभिन्न विषयों पर अब रायपुर नगर निगम को अपना सहयोग देंगे। समिट में एंटिट के अर्जुन सिंह सोनी, आर्म्स 4 ए.आई की जागृति दबाब, पिच जी जान्हवी शाह, ऑर्गा लाईफ के उमेश बंशी, यूएडी के राकेश सिन्हा, सिमुलेशन सॉफ्टवेयर के अभ्युदय, आईटी के सजल मल्होत्रा, शैलेन्द्र आनंद, एसएमपीएमसी के जी प्रभाकरण राव ने भी अपना प्रेजेंटेशन देकर स्टार्ट-अप की गतिविधियों की जानकारी दी। समिट में विभिन्न प्रदेशों में संचालित स्टार्ट अप के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## स्टार्टअप के माध्यम से निगम ने 20 महिलाओं को स्विगी में दिलाया रोजगार



रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में स्टार्टअप योजना के तहत 20 महिलाओं को फूड डिलवरी एजेंसी स्विगी में रोजगार दिलाया गया। दूसरी अन्य महिलाओं को भी स्विगी के साथ ही जोमेटो में भी काम दिलाने की योजना पर भी कार्य चल रहा है। निगम के एनयूएलएम की प्रभारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही, कंसल्टेंट मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा तथा महिला समूहों की महिलाओं के साथ निगम मुख्यालय में बैठक ली गई। जिसमें स्विगी में कार्य करने के इच्छुक महिलाएं भी शामिल थी। महिला समूहों के माध्यम से ही बेरोगार और काम करने की इच्छुक महिलाओं को खोजकर यहां लाया गया था। स्विगी के दो अधिकारियों ने इस दौरान फूड डिलवरी के कार्य को समझाया। करीब 9 घण्टे तक हर दिन का कार्य होगा। आर्डर मिलते ही होटलों से फूड लेकर आर्डर करने वाले तक फूड पहुंचाने के लिए बताया गया। साथ ही ये भी बताया गया कि इस कार्य में ना के बराबर जोखिम रहेगा। यदि कस्टमर बदतमीजी भी करेगा तो तत्काल उनकी मदद के लिए कम्पनी तैयार रहेगी। आर्डर के मुताबिक ये महिलाएं हर दिन 500 से लेकर 900 रुपए तक कमाई कर सकती हैं। उस दिन का वेतन अगले दिन सुबह उनके खाते पर डाल दिया जाएगा। उनका हेल्थ इंश्योरेंस रहेगा। अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर महिलाएं कम्पनी से 50 हजार तक लोन भी ले सकेंगी। ये मिलाएं शाम बजे तक ही कार्य करेंगी तथा सप्ताह में एक दिन अवकाश भी रहेगा। ये कार्य करने के लिए इच्छुक 40 महिलाएं आई थी। जिसमें से 20 महिलाओं का चयन उनके पास वाहन चलाने के लाइसेंस होने कार्य करने की ललक को देखते हुए किया गया। उन्हें स्विगी की टी शर्ट तथा किट देकर कार्य से जोड़ा गया।

# अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट के खिलाफ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के बाद लगा ताला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




पत्रकारों से दुर्व्यवहार और मारपीट के मामले में लाभांडी स्थित अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट के खिलाफ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के बाद अशोका बिरयानी में ताला जड़ दिया गया है। आशोका बिरयानी में दो कर्मचारियों की गटर में मिली लाश के बाद कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों से मारपीट मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। होटल को अगले आदेश तक बंद कर दिया है। साथ ही इस मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए आशोका बिरयानी के तीन कर्मचारियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। मालूम हो कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। दरअसल, तेलीबांधा के अशोका बिरयानी के गटर में 18 अप्रैल को दो कर्मचारियों की संदिग्ध लाश मिली, पुलिस के मुताबिक दोनों साफ सफाई के लिए गटर में उतरे थे। इस दौरान दोनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों कर्मचारी होटल में इलेक्ट्रिशियन थे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मीडिया के साथी कवरेज करने पहुंचे। इसी दौरान अशोका बिरयानी की महिला कर्मचारियों ने बाउंसर की तरह आगे आकर पत्रकारों को कवरेज करने से रोकना शुरू किया। पत्रकारों ने कवरेज करने की बात कही तो महिला कर्मी भड़क गई और पत्रकारों से बत्तमीजी करते हुए उनसे मारपीट करने लगी। बड़ा सवाल ये है कि क्या होटल का संचालक बाहर से कर्मचारी गटर साफ सफाई के लिए नहीं बुलाता था। और आखिर एक बिजली बनाने वालों से होटल में गटर की साफ सफाई क्यों कार्रवाई जा रही थी। ये पूरा जांच का मामला है। तेलीबांधा पुलिस इन सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। और मृतकों की पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर माजरा क्या था।

## महिला आयोग ने चाइल्ड एडॉप्शन लिव की मांग पर आईआईएम को लगाई फटकार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्यगण नीता विश्वकर्मा व अर्चना उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के कार्यालय रायपुर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में 251 वीं सुनवाई हुई। रायपुर जिले में कुल 123 वीं जनसुनवाई। सुनवाई में महिला आयोग अध्यक्ष ने आईआईएम रायपुर को जमकर फटकार लगाई। दरअसल दत्तक ग्रहण लेने वाली मां को आई.आई.एम रायपुर में छुट्टी नहीं देने के बहाने बनाकर आई.आई.एम. रायपुर ने चाइल्ड केयर लीव न देकर दत्तक देने वाली मां को शासकीय सेवक मानने से किया इंकार, भारत के कानूनों को भी मानने से इंकार किया। आवेदिका ने आयोग में 2 दिन के बच्चे के लिए चाइल्ड एडॉप्श हेतु आई.आई.एम. रायपुर के खिलाफ आयोग में प्रकरण दर्ज करायी थी।


राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
शिखर, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सेक्टर - 29, गुड़गांव - 122001

अनुबंध पर जनशक्ति की नियुक्तिः

| रिक्ति सं. | पद | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|

वीसी संख्या 132/24–135/24 द्वारा विज्ञापित सहायक प्रबंधक (मैकेनिकल/धातुकर्म), सहायक प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स), सहायक प्रबंधक (सिविल) और सहायक प्रबंधक (आईटी/सीएस) के पदों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। 05–05–2024. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29–04–2024 तक बढ़ा दी गई है।
लिखित परीक्षा 05–05–2024 को गुवाहाटी, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर, गुरुग्राम, हैदराबाद में आयोजित की जाएगी।


# लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक ने थामा भाजपा का दामन, जनपद के कई नेता भी हुए शामिल



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी में इन दिनों भगदड़ मची है, कई नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एक के बाद एक झटका कांग्रेस को लग रहा है। पहले चरण का मतदान बस्तर में हो रहा है। इधर बिलासपुर से लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश ले लिया है। उनके साथ जनपद सदस्य राकेश तिवारी समेत कई कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। जानकारी अनुसार तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अगुवाई में संतोष कौशिक, तखतपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष राजेश्वरी जुगल कौशिक, जनपद उपाध्यक्ष दिव्या नितेश मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश कौशिक, जनपद सदस्य रवि सोनी, पूर्व जनपद सदस्य राकेश तिवारी समेत कई कांग्रेसी भाजपा में शामिल हो गए हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव संयोजक संतोष कौशिक तीन बार तखतपुर विधानसभा सीट से लड़ चुके हैं। वे 2008, और 2013 में बसपा से अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। वहीं 2018 में जेसीसीजे से कोशिश कर चुके हैं और इस बार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भाजपा में शामिल हो गए हैं। संतोष कौशिक कुर्मी समाज के वर्चस्वधारी नेता माने जाते हैं।

# फैक्ट्री में आग लगने से छह ट्रांसफार्मर खाक



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के उरला थाना क्षेत्र स्थित गणपति इस्पात परिसर में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में शुक्रवार सुबह नौ बजे भीषण आग लगने से वहां मौजूद सात ट्रांसफार्मर में से छह पूरी तरह जलकर खाक हो गए। उरला थाना क्षेत्र स्थित गणपति इस्पात परिसर में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में सुबह नौ बजे भीषण आग लग गई है। वहां मौजूद सात ट्रांसफार्मर में से छह पूरी तरह जलकर खाक हो गई है। घटना की सूचना मिलने दमकल की टीम मौके पर पहुंची। लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा दी गई है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर से छोटी सी चिंगारी उठी। इसके बाद कुछ मिनटों में चिंगारी भीषण आग के रूप में बदल गई। आग की लपटें दूर तक दिखाई दे रही थी। मौके पर दमकल की तीन गाडियां पहुंची और आग बुझाई। आग लगने से फैक्ट्री को लाखों का नुकसान होने की आशंका है। बताया जा रहा है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# न्याय गारंटी फार्म में छेड़छाड़ के आरोप पर युवा कांग्रेस ने पुलिस से की भाजपा नेता की शिकायत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक कसार ने भाजपा नेता शरद राठौर के खिलाफ पुलिस में शिकायत की है। उनका कहना है कि शरद राठौर ने कांग्रेस न्याय गारंटी फार्म में छेड़छाड़ कर आपत्तिजनक अपशब्द लिखकर उसको अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रचारित किया। अभिषेक कसार ने भाजपा नेता शरद राठौर के खिलाफ रायपुर कोतवाली थाने में शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अभिषेक कसार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के ऐतिहासिक न्याय गारंटी पत्र आने के बाद जनता में भारी उत्साह है। भाजपा के नेता अपनी हार देख कर बौखला गये हैं और ऐसा दुष्प्रचार कर रहे हैं। इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, महामंत्री प्रवीण चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण जंघेल, युवा कांग्रेस रायपुर ज़िला महासचिव राहुल तिवारी, मोहसीन खान उपस्थित थे।






सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403